RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023

नागपुर, रविवार, 24 नवंबर 2024

अंक 42/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

हिंदी दैनिक

BCN GROUP

# नागपुर मेट्रो समाचार

# महाराष्ट्र में महायुति की प्रचंड जीत





## बना दिया इतिहास, 80 फीसदी सीटों पर खिला कमल

## राज्य में भाजपा गठबंधन की सरकार बनना तय

## महाविकास आघाड़ी की करारी शिकस्त

**मुंबई।**

महाराष्ट्र चुनाव परिणामों में महायुति ने एकतरफा बढ़त बनाई है। शाम 7 बजे के रुझानों के अनुसार 288 विधानसभा सीटों में भाजपा गठबंधन 230 पर आगे थीं, जिसमें से 107 सीटों पर जीत मिल चुकी है। 123 पर आगे थी। वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाला महाविकास आघाड़ी (एमवीए) 50 का आंकड़ा भी पार करता नहीं दिख रहा था। राज्य में भाजपा गठबंधन की सरकार बनना तय है। मुख्यमंत्री शिंदे और देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि तीनों पार्टी मिलकर तय करेंगी कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। इससे पहले फडणवीस ने सोशल मीडिया पर लिखा था- एक हैं तो सेफ हैं।

महाराष्ट्र में नागपुर दक्षिण-पश्चिम सीट पर वोटों की गिनती पूरी हो चुकी है। यहां पर देवेंद्र फडणवीस और कांग्रेस के प्रफुल्ल गुडधे के बीच मुकाबला था। देवेंद्र फडणवीस ने कुल 129401 वोट हासिल किए। वहीं, प्रफुल्ल गुडधे को 89691 वोट मिले। इस तरह से फडणवीस को 39211 वोटों से जीत मिली। वहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कोपरी पचखड़ी सीट पर शानदार जीत दर्ज कर ली है। यहां पर शिंदे का मुकाबला अपने गुरु आनंद दिघे के भतीजे केदार दिघे से था। एकनाथ शिंदे ने इस सीट पर 159060 वोट हासिल किए, जबकि केदार दिघे को मात्र 38343 वोट हासिल हुए। इस तरह शिंदे ने 159060 वोटों से जीत हासिल की।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बारामती की हॉटसीट पर परिवार और प्रतिष्ठा की जंग जीत ली है। अजीत ने बारामती से अपने भतीजे और एनसीपी शरद गुट के उम्मीदवार युगेंद्र पवार को करीब 1 लाख से ज्यादा वोटों से हराया है। वांद्रे पश्चिम में एक बार बीजेपी को जीत मिली है। बीजेपी के आशीष शेलार ने कांग्रेस के आसिफ जकारिया को हरा दिया है। वह लगातार तीसरी बार विधायक बन गए हैं। आशीष शेलार ने आसिफ जकारिया को करीब 19000 वोटों से हरा दिया है। मुंबई की वर्ली विधानसभा सीट से आदित्य ठाकरे को 8801 वोटों से जीत मिल गई है। 19 राउंड की मतगणना के दौरान कई बार वह आगे-पीछे हुए, लेकिन अंत में उन्हें ही जीत हासिल हुई। उनके खिलाफ एकनाथ शिंदे की शिवसेना से मिलिंद देवड़ा को कैंडिडेट बनाया गया था, जो दूसरे नंबर पर रहे हैं। कणकवली सीट से भाजपा के नीतेश राणे ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की है। नीतेश राणे ने शिवसेना यूबीटी के संदेश पारकर को मात दी है। महाराष्ट्र विधानसभा सीटकरजत जामखेड पर चुनाव में कांग्रेस के रोहित पवार ने रोचक मुकाबले में जीत दर्ज कर ली है। पवार ने भाजपा के रामशंकर शिंदे को 1243 वोट के अंतर से हराया।

## लाड़ली बहना गेम चेंजर

मुंबई में महायुति की पीसी में एनसीपी नेता अजित पवार ने जीत के लिए महाराष्ट्र की जनता का आभार जताया और कहा कि जनता ने विकास के मद्देनजर हमें समर्थन दिया है। कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की है। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना गेम चेंजर बहना गेम चेंजर साबित हुई। लोकसभा में हमें बड़ी हार मिली थी। लोकसभा की हार से हमने सबक लिया। इस हार को कबूल कर हमने करेक्शन किया।



## 10 बड़े चेहरे जो हार गए चुनाव

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की आंधी में बड़े-बड़े चेहरे धराशायी हो गए. इनमें पूर्व सीएम से लेकर उनके रिश्तेदार तक शामिल हैं। बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी वांद्रे ईस्ट सीट पर शिवसेना-यूबीटी नेता वरुण सतीश सरदेसाई से और स्वरा भास्कर को अजित पवार की एनसीपी की नेत्री सना मलिक ने हराया है। सना नवाब मलिक की बेटी हैं। नवाब मलिक शिवाजी मानखुर्द सीट पर अबू आजमी से, पूर्व सीएम विलासराव देशमुख के बेटे धीरज देशमुख लातूर ग्रामीण सीट से और माहिम सीट से राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे चुनाव हार गए. मुंबादेवी सीट से शिवसेना की शाइना एनसी, शरद पवार के पोते युगेंद्र पवार बारामती से, पूर्व सीएम वसंत दादा पाटिल की परिवारिक सदस्य जयश्री पाटिल सांगली से, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले का भी है. नाना पटोले महज 1607 वोटों से बीजेपी के अविनाश ब्रह्मानकर से हार चुके हैं और पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण भी कराड दक्षिण से चुनाव हार गए हैं.

## महायुति की जीत पर पीएम ने दी बधाई



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद पीएम मोदी ने अपना संदेश दिया है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा है कि विकास जीता है। अच्छी सरकार जीतती है। उन्होंने कहाकि एकजुट होकर हम और भी ऊंची उड़ान भरेंगे। उन्होंने आगे लिखा कि संयुक्त रूप से हम और बेहतर करेंगे। पीएम मोदी ने लिखा है कि एनडीए के लिए ऐतिहासिक जनादेश देने पर महाराष्ट्र की बहनों-भाइयों, खास तौर पर प्रदेश के युवाओं और महिलाओं को दिल से शुभकामना।

## कौन होगा महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री ?

राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार दोपहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र के अगले सीएम को लेकर बातचीत की। उन्होंने बताया कि सीएम फेस पर कोई विवाद नहीं है। ये पहले दिन से ही तय था कि चुनाव के बाद तीनों दलों के नेता एक साथ बैठेंगे और इस पर फैसला लेंगे। फैसला सभी को स्वीकार्य होगा, इस पर कोई विवाद नहीं है। नाव के पहले ऐसा तय हुआ था कि जिसकी ज्यादा सीट होगी मुख्यमंत्री उसका होगा तो इस पर सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि 'ऐसा तय नहीं हुआ कि जिसकी ज्यादा सीट होगी, उसका ही मुख्यमंत्री होगा।

## खबरें! एक नजर में!!

### 3 दिसंबर से ओडिशा दौरे पर राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली।** देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के तीन दिसंबर से ओडिशा के पांच दिवसीय दौरे पर रहने वाली है। मुर्मू तीन दिसंबर को वायु सेना के एक विशेष विमान से भुवनेश्वर पहुंचेंगी और शाम को यहां नीलाद्रि विहार में पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा का अनावरण करेंगी। चार दिसंबर को वह पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर में दर्शन के लिए जाएंगी और गोपबंधु आयुर्वेद कॉलेज के 75वें वर्षगांठ समारोह में भाग लेंगी। (पेज देश-विदेश भी देखें).

### भीषण सड़क हादसे में 8 की मौत

**गुवाहाटी।** बजाली जिले में एक वाहन रास्ते में खड़े एक ट्रक से टकरा गया जिससे वाहन सवार 5 लोगों की जगह पर ही मौत हो गई । इसके अलावा इस हादसे में 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अन्य घटना में धुबरी जिले में 3 लोगों की तब मौत हो गई जब उनका वाहन अगोमोनी इलाके में गारेहाट के पास रास्ते में एक खड़े ट्रक से जा टकराया। इस हादसे में 1 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

### परिवार के चार सदस्यों की हत्या

**गुवाहाटी।** असम के नागांव जिले में अज्ञात लोगों ने एक ही परिवार के 3 सदस्यों सहित 4 लोगों की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया है कि लुखोवा गराजन इलाके में जल जीवन मिशन के सेवानिवृत्त कर्मचारी के घर में शुक्रवार को अज्ञात हमलावर घुस गए और उन पर एवं उनके पूरे परिजनों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

### रोपवे परियोजना के खिलाफ हड़ताल जारी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा की पहाड़ियों पर स्थित वैष्णो देवी मंदिर तक प्रस्तावित रोपवे परियोजना के खिलाफ हितधाराकों की 72 घंटे की हड़ताल शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रही, जिसकी वजह से सैकड़ों श्रद्धालुओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों, टट्टू और पालकी मालिकों ने शुक्रवार को हड़ताल शुरू की थी, क्योंकि उन्हें आशंका थी कि रोपवे परियोजना के कारण वे बेरोजगार हो जाएंगे।

## कबायली गुटों के बीच हुई हिंसा, 37 मरे

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कबायली गुटों के बीच हुई हिंसा में पिछले 24 घंटे में कम से कम 37 लोग मारे गए हैं और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में बृहस्पतिवार को यात्री वैन पर हुए हमले के बाद अलीजई और बागन कबाइली गुटों के बीच हिंसा भड़क गई। यात्री वैन पर हुए हमले में 47 लोग मारे गए थे।

## कांग्रेस का बीजेपी पर आरोप

### महाराष्ट्र में जीत के लिए हाईजैक किया ईवीएम



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में मतगणना की प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस नेता अजय राय और रागिनी नायक ने चुनावी प्रक्रिया की अखंडता पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने भाजपा पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को हाईजैक करने और जीत हासिल करने के लिए चुनावी प्रणाली में हेरफेर करने का आरोप लगाया है। अजय राय ने आरोप लगाया कि भाजपा ने नतीजों को प्रभावित करने के लिए अपने पास मौजूद हर संसाधन का इस्तेमाल किया है।

रागिनी राय ने कहा कि चुनावी मशीनरी को हाईजैक कर लिया गया है। यह लोगों का फैसला नहीं है, बल्कि चुनावी मशीनरी और सरकारी बलों का हेरफेर है। भाजपा ने महाराष्ट्र में ईवीएम पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया है। वह शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की भावनाओं को दोहरा रहे थे, जिन्होंने चुनाव परिणामों की वैधता पर सवाल उठाया था।

कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने कहा, मैं राउत के इस दावे का समर्थन करता हूं कि यह लोगों का फैसला नहीं है। उन्होंने आगे विनोद तावड़े जैसे भाजपा नेताओं पर वोट के लिए पैसे बांटने का आरोप लगाया, जिससे वोट खरीदने और चुनावी हेरफेर की चिंताएं बढ़ गईं। कांग्रेस नेता रागिनी नायक ने भी नतीजों की आलोचना की, जिसे उन्होंने अप्रत्याशित बताया। उन्होंने भाजपा की विवादास्पद अभियान रणनीति की ओर इशारा किया, जिसमें 'बटेंगे तो कटेंगे' जैसे भड़काऊ और विभाजनकारी नारे और पाकिस्तान में झंडे फहराने के बयान शामिल हैं।

## यूपी में 1.12 लाख पेड़ों की होगी कटाई

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कबायली गुटों के बीच हुई हिंसा में पिछले 24 घंटे में कम से कम 37 लोग मारे गए हैं और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में बृहस्पतिवार को यात्री वैन पर हुए हमले के बाद अलीजई और बागन कबाइली गुटों के बीच हिंसा भड़क गई। यात्री वैन पर हुए हमले में 47 लोग मारे गए थे।

# प्रियंका ने 4.10 लाख वोटों से जीत दर्ज की

## 15 राज्यों की 46 विस और 2 लोस सीटों परिणाम आए सामने

**नई दिल्ली।**



15 राज्यों की 46 विधानसभा और 2 लोकसभा (वायनाड, नांदेड़) सीटों पर काउंटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। वायनाड लोकसभा सीट पर प्रियंका गांधी ने 4 लाख 10 हजार वोटों से जीत दर्ज की है। उन्हें कुल 6 लाख 22 हजार 338 वोट मिले। यहां सीपीआई के सत्यन मोकेरी (2 लाख 11 हजार वोट) दूसरे और भाजपा की नव्या हरिदास (1 लाख 9 हजार वोट) तीसरे नंबर पर रहे।

महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर भाजपा के संतुक हंबार्डे चुनाव जीत चुके है। उनका मुकाबला कांग्रेस के वसंत राव चव्हाण से था। शाम साढ़े 6 बजे तक करीब 42 हजार 527 वोटों से आगे चल रहे थे। मध्य प्रदेश की विजयपुर सीट पर कांग्रेस से भाजपा में आए वन मंत्री रामनिवास रावत हार गए। वहीं, उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों में से भाजपा गठबंधन को 7 और सपा को 2 सीटों पर जीत मिली है.

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने बीजेपी को बड़ा झटका दे दिया है। ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने यहां क्लीन स्वीप कर दिया हैं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा उपचुनाव में टीएमसी ने 6 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। सिताई, मेदिनीपुर, नैहाटी, मदारीहाट, हरोआ और तालडांगरा विधानसभा सीटें राज्य के दक्षिण क्षेत्र में आती हैं। बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई रेप की घटना के बाद पूरे प्रदेश में जमकर प्रदर्शन हुए थे। इसके बाद माना जा रहा था कि उपचुनाव में टीएमसी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। लेकिन उपचुनाव में टीएमसी ने यहां मजबूत उम्मीदवारों को उतरकर चुनाव बदल दिया।

उधर, लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में बड़ा झटका खाने के बाद बीजेपी को विधानसभा उपचुनाव में राहत मिली है। हाल ही में हुए उपचुनाव के नतीजों में बीजेपी और उसकी सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने 9 में से 7 सीटों पर जीत हासिल की। यह खबर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए सकारात्मक मानी जा रही है। शनिवार को चुनाव आयोग की जानकारी के अनुसार, बाकी 2 सीटों पर समाजवादी पार्टी (सपा) को बढ़त मिली है। भाजपा ने कुंदरकी, खैर, गाजियाबाद, फूलपुर, कटेहरी और मझावन सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) ने मीरापुर सीट पर कब्जा किया।

राजस्थान विधानसभा उप चुनाव 2024 के नतीजे सामने आ चुके हैं। 7 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में मौजूदा सत्ताधारी पार्टी बीजेपी ने 5 सीट, कांग्रेस और भारतीय आदिवासी पार्टी ने एक-एक सीटों पर जीत हासिल की है। कांग्रेस केवल एक सीट दौसा सीट पर जीत पाई है। राजस्थान में सबसे बड़ी जीत की तो झुंझुनू से राजेंद्र भांबू ने 42848 वोटों से जीत हासिल की है। यहां दूसरे नंबर पर कांग्रेस के अमित ओला रहे। वहीं दूसरी तरफ इस चुनाव में सबसे छोटी जीत सलूंबर में हुई है। यहां शांता देवी मीणा ने 1285 वोटों से जीत हासिल की है। इस सीट पर भारतीय आदिवासी पार्टी के जितेश कटारा दूसरे नंबर पर रहे हैं।

असम की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा को तीन सीटों पर कामयाबी मिली। सिड़ली सीट पर युनाइटेड पीपुल्स पार्टी ( लिबरल) के निर्मल कुमार ब्रह्म जीते हैं। बोंगईगांव से असम गण परिषद की दीप्तीमाई चौधरी ने जीत हासिल की। बिहार की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ। चारों सीटों पर एनडीए ने जीत हासिल की। दो सीटों पर भाजपा और एक-एक सीट पर हम व जेडीयू ने अपना कब्जा जमाया है।

### पंजाब में सीएम मान ने बचाई लाज

पंजाब में चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि एक सीट कांग्रेस के खाते में गई। छब्बेवाल, डेरा बाबा नानक और गिद्दरबाहा सीट पर आम आदमी पार्टी को जीत मिली है, जबकि बरनाला सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है। इन चुनावों को मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार की लोकप्रियता की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा था।

# झारखंड में फिर हेमंत सरकार

## 55 सीटों पर इंडिया को बढ़त

**नई दिल्ली।**



झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने बंपर जीत हासिल की है। शाम 7 बजे तक झारखंड की 81 सीटों में से 71 सीटों पर परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। अभी तक के आंकड़े के अनुसार झारखंड में इंडिया गठबंधन 54 सीटों पर चुनाव जीत चुकी है। वहीं झारखंड में एनडीए महज 18 सीटों पर चुनाव जीत पाई है। झारखंड में 1 सीट अन्य के खाते में गयी है।

बता दें, हेमंत सोरेन सरकार की मईयां सम्मान योजना ने इस बार के चुनाव में इंडिया गठबंधन के लिए बड़ा रोल प्ले किया, जिसकी वजह से एक बार झारखंड में हेमंत सोरेन बाजी मार ले गए हैं।

दरअसल, झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होने से पहले ही हेमंत सोरेन सरकार ने अपना मास्टरस्ट्रोक मईयां सम्मान योजना के रूप में सामने लाया था। इसका फायदा झारखंड की 50 लाख महिलाओं को डायरेक्ट मिला। इस योजना का खास बात यह कि इसके तहत 1000 रुपये मिलने थे, लेकिन जैसे ही चुनाव का समय नजदीक आया हेमंत सोरेन ने इस योजना की राशि 1000 से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दी। इसके साथ ही लगभग यह कयास लगाये जाने लगे कि महिलाओं का वोट हेमंत सोरेन की ओर झुक सकता है। बता दें, इस बार अगर फिर से झारखंड में जेएमएम की सरकार बनती है तो ऐसा पहली बार होगा जब झारखंड में किसी की सरकार रिपीट होगी।

बता दें झारखंड के 81 सीटों पर दो चरणों में मतदान हुआ था. पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को और दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को हुआ था. दोनों ही चरणों में 66 फीसदी से अधिक वोटिंग हुई थी। राज्य में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ था। इस बार झारखंड की लड़ाई इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच है. इंडिया गठबंधन में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और लेफ्ट की पार्टियां शामिल हैं। वहीं एनडीए में भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा (रा) शामिल है. एक तरफ जहां इंडिया गठबंधन राज्य में लगातार दूसरी बार सरकार बनाने की कोशिश में है।

### मईयां सम्मान योजना रंग लाई

इस बार के झारखंड विधानसभा चुनाव में दो मुख्यमंत्री, पूर्व उपमुख्यमंत्री चुनावी मैदान में हैं. एक तरफ इंडिया गठबंधन है तो दूसरी तरफ एनडीए है. इस बार एनडीए ने झारखंड में खुलकर हिंदुत्व कार्ड खेला था. वहीं महागठबंधन की सरकार ने मईयां सम्मान योजना पर खूब फोकस किया, जिसका कि अब उन्हें फायदा भी मिलता दिख रहा है.

# महाराष्ट्र के नतीजों से राहुल निराश

## कहा- चुनाव परिणाम अप्रत्याशित, करेंगे विश्लेषण

**नई दिल्ली।**



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी खुश नहीं हैं। चुनाव में महायुति को बहुमत मिलने पर राहुल गांधी ने हैरानी जताई है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि महाराष्ट्र के चुनाव नतीजे अप्रत्याशित हैं। हम इनका विस्तार से विश्लेषण करेंगे। महाराष्ट्र में कांग्रेस नेतृत्व वाली महाविकास आघाड़ी 49 सीटें ही हासिल कर पाई है। वहीं झारखंड में कांग्रेस की जीत पर राहुल ने कहा, राहुल गांधी ने झारखंड चुनाव के परिणाम को लेकर एक्स पर पोस्ट में लिखा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की जीत हुई। यह जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ संविधान की रक्षा की जीत है। झारखंड के लोगों का इंडिया गठबंधन को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस और झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं को विजय के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उधर, वायनाड उपचुनाव में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की जीत पर भी राहुल गांधी ने खुशी जताई। उन्होंने लिखा कि मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है क्योंकि वायनाड में मेरे परिवार ने प्रियंका पर भरोसा जताया है। मुझे विश्वास है कि वह हमारे वायनाड को प्रगति और समृद्धि के प्रकाश स्तंभ में बदलने के लिए साहस, करुणा और अटूट समर्पण के साथ नेतृत्व करेंगी।

CMYK

# भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट जारी

## > 18 बिलियन डॉलर 657.89 अरब पर पहुंचा

**नई दिल्ली .**



देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 नवंबर को खत्म हफ्ते में 17.76 अरब डॉलर घटकर 657.89 अरब अमेरिकी डॉलर रहा. आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 18 बिलियन डॉलर की गिरावट बीते हफ्ते में दर्ज की जा चुकी है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी. इससे पिछले हफ्ते, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.47 अरब डॉलर घटकर 675.65 अरब डॉलर रहा था. सितंबर के आखिर में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था.
उसके बाद से इसमें पिछले कई हफ्ते से गिरावट आ रही है. अगर उच्चतम स्तर से देखें तो देश का विदेशी मुद्रा भंडार 47 बिलियन डॉलर (46.99 बिलियन डॉलर) घट चुका है. रिजर्व बैंक के जारी आंकड़ों के मुताबिक 15 नवंबर को खत्म हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाले फॉरेन करेंसी ऐसेट्स 15.55 अरब डॉलर घटकर 569.83 अरब डॉलर रहे हैं. डॉलर के संदर्भ में बताए गए फॉरेन करेंसी ऐसेट्स में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का असर शामिल होता है. सितंबर के आखिर में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया था. उसके बाद से इसमें पिछले कई हफ्ते से गिरावट आ रही है.

### भारत का गोल्ड रिजर्व भी घटा

समीक्षाधीन सप्ताह में गोल्ड रिजर्व का मूल्य 2.07 अरब डॉलर घटकर 65.75 अरब डॉलर रहा. विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 9.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.06 अरब डॉलर रहा. रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 15 नवंबर को खत्म हफ्ते में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का रिजर्व 5.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.25 अरब डॉलर पर आ गया.

# देश में निरंतर मांग से विकास को बढ़ावा मिला

**बैंगलोर,(बिड़वाईक).**




टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारत में इनोवा हाईक्रॉस की 1,00,000 गाड़ियों की बिक्री की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की और इसका जश्न मनाया। लॉन्च किये जाने की दूसरी सालगिरह पर यह उपलब्धि ब्रांड टोयोटा पर ग्राहकों के भरोसे को मजबूत करती है। साथ ही इनोवा हाईक्रॉस की बढ़ती लोकप्रियता को भी दर्शाती है, जिसे इसकी उन्नत तकनीक, बेजोड़ आराम और असाधारण प्रदर्शन के लिए बहुत पसंद किया जाता है। भिन्न तरीकों से निरंतर गतिशीलता की पेशकश करने की दिशा में टीकेएम की प्रतिबद्धता के क्रम में एक और कदम के रूप में नवंबर 2022 में लॉन्च की गई इनोवा हाईक्रॉस, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और अभिनव डिजाइन के साथ टोयोटा की विश्व स्तर पर प्रसिद्ध गुणवत्ता, स्थायित्व और विश्वसनीयता (क्यूडीआर) का एक सहज मिश्रण प्रस्तुत करती है। करता है। हाइब्रिड सिस्टम वाहन को 60 फीसदी समय इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मोड में चलाने में सक्षम बनाता है। इससे पावर, दक्षता और पर्यावरण चेतना का एक सहज संयोजन मिलता है। इसके अलावा, मॉडल चुनिंदा वेरिएंट में डायरेक्ट शिफ्ट सीवीटी के साथ जोड़ा गया 2.0-लीटर गैसोलीन इंजन प्रदान करता है, जो 129 केडब्ल्यू (174 पीएस) का मजबूत आउटपुट देता है, जिससे ग्राहकों को उनकी ड्राइविंग जरूरतों के अनुरूप विविध विकल्प मिलते हैं।
इस नई उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट मनोहर ने कहा, "हमें यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि इनोवा हाईक्रॉस ने 1,00,000 यूनिट की उपलब्धि हासिल कर ली है। हम अपने ग्राहकों के भरोसे और समर्थन के लिए दिल से उनका शुक्रिया अदा करते हैं,

## सोना 80400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

**नई दिल्ली.** शादी विवाह के मौसम के दौरान आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की सतत लिवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव 1,100 रुपये बढ़कर दो सप्ताह के उच्च स्तर 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इस दौरान, चांदी भी 300 रुपए चढ़कर 93,300 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 1,100 रुपये की तेजी आई और यह लगातार दूसरे दिन 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोना 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार में दिसंबर डिलीवरी सोना अनुबंध 906 रुपये या 1.18 प्रतिशत बढ़कर 77,599 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। बाजार के जानकारों के अनुसार, बढ़ती वैश्विक बेचैनी के कारण कॉमेक्स पर सोना 900 रुपये बढ़कर एमसीएक्स पर 77,600 रुपये पर पहुंच गया।

# जोमैटो हुआ बीएसई सेंसेक्स में शामिल




**नई दिल्ली.**

ऑनलाइन फूड डिलिवरी कंपनी जोमैटो को बीएसई सेंसेक्स के स्टॉक्स में शामिल किया गया है. जोमैटो सेंसेक्स के 30 शेयरों में जेएसडब्ल्यू स्टील की जगह लेगी. 23 दिसंबर 2024 से जोमैटो सेंसेक्स में ट्रेड करने लगेगी. बीएसई की सब्सिडियरी एशिया इंडेक्स प्राइवेट लिमिटेड ने बीएसई के इंडेक्सों के पुनर्गठन करने का एलान किया है जिसमें जोमैटो को बीएसई सेंसेक्स 30 और बीएसई सेंसेक्स 50 में शामिल करने का फैसला लिया गया है. जोमैटो का आईपीओ जुलाई 2021 में आया था. और स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टिंग के बाद से स्टॉक ने अपने शेयरधारकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है. 76 रुपये के इश्यू प्राइस पर जोमैटो का आईपीओ आया था और शुक्रवार 22 नवंबर 2024 को स्टॉक 264.20 रुपये पर क्लोज हुआ है. और इस अवधि के दौरान स्टॉक ने शेयरहोल्डर्स को 250 फीसदी का रिटर्न दिया है. साल 2024 में स्टॉक ने 114 और पिछले 3 सालों में 300 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दे चुका है.
शुक्रवार को शेयर बाजार के बंद होने के बाद एशिया इंडेक्स प्राइवेट लिमिटेड ने बीएसई के इंडेक्सों का पुनर्गठन किया जिसमें जोमैटो को सेंसेक्स के 30 शेयरों में शामिल करने का एलान किया गया. जोमैटो 23 दिसंबर से सेंसेक्स 30 में ट्रेड करेगा.
इस बात के आसार हैं कि जोमैटो को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के इंडेक्स निफ्टी 50 में भी शामिल किया जा सकता है. एनएसई ने जोमैटो को अपने फ्यूचर एंड ऑप्शंस स्टॉक्स में शामिल किया है. अभ इस बात की संभावना जताई जा रही है कि फरवरी 2025 में निफ्टी इंडेक्स की रीबैलेंसिंग में जोमैटो को निफ्टी 50 में शामिल किया जा सकता है. ब्रोकरेज फार्म जेएम फाइनेंशियल ने भी अपने रिपोर्ट में जोमैटो के निफ्टी 50 में शामिल किए जाने की भविष्यवाणी की है.

# सीतारमण ने दिया 'ब्रांड भारत' बनाने का मंत्र

**नई दिल्ली.**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक कॉन्क्लेव में बातचीत करते हुए कहा कि अगर हम 'ब्रांड भारत' बनाना चाहते हैं, तो हमें सही क्या है, इस बारे में पश्चिम के फरमानों पर ध्यान नहीं देना चाहिए. उन्होंने कहा कि हम हजारों साल से वस्तुओं का उत्पादन कर रहे हैं, शोषण की बात कभी नहीं उठी. और अचानक एक पारंपरिक उद्योग जैसे, मान लीजिए, कालीन बनाने के काम के लिए आपको पश्चिम के खरीदारों से एक फरमान आया कि आप इन कालीनों को बनाने के लिए बच्चों का इस्तेमाल कर रहे हैं. हम इसे आपसे नहीं खरीदेंगे.
सीतारमण ने कहा कि भारत में परिवार बच्चों को स्कूली शिक्षा से वंचित किए बिना शिल्पकार बनाने में लगे हुए हैं, क्योंकि जब तक शिल्प बहुत कम उम्र में नहीं सीखा जाता है, एक शिल्पकार कभी इसमें महारत हासिल नहीं कर सकता. ऐसे में हमें खड़े होकर कहना होगा कि हम उनकी शिक्षा का ख्याल रखते हैं. उन्होंने कहा कि बेहतर नैतिक उत्पादन के लिए जिस तरह के कदम उठाने की जरूरत है, वे हमारी तरफ से अपने आप होने चाहिए, न कि पश्चिमी फरमानों के जारी होने के बाद किए जाने चाहिए.
सीतारमण ने यह भी कहा कि हमारे मंदिरों और हमारे प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का महत्व अभी की तुलना में बहुत अधिक होना चाहिए. उन्होंने कहा कि लोगों को यह बताने की जरूरत है कि प्राचीन काल से ही विज्ञान में भारत की ताकत अटूट रही है. सीतारमण ने कहा कि भारत के पास 'सुश्रुत संहिता' जैसे प्राचीन ग्रंथों की बदौलत ज्ञान का समृद्ध भंडार है. ये प्राचीन भारत के ब्रांड हैं, जिनका हम आज भी उल्लेख करते हैं.

# भारत की कारोबारी गतिविधियां तीन माह के शीर्ष पर

**नई दिल्ली.**



सेवा उद्योग में सुधार और रिकॉर्ड रोजगार पैदा होने से नवंबर में भारत की कारोबारी गतिविधियां तीन माह के शीर्ष पर पहुंच गई। हालांकि, उत्पादन महंगाई 12 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। सर्वेक्षण के अनुसार, चालू त्योहारी तिमाही में आर्थिक विकास में आगे भी वृद्धि होने की संभावना है। इसमें निजी खपत में उछाल के कारण तेजी आने की उम्मीद है। एचएसबीसी खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अक्तूबर में 59.1 रहा। नवंबर में बढ़कर 59.2 रहा। पीएमआई में 50 से नीचे का स्तर कारोबार में कमजोरी दर्शाता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, सेवाओं में वृद्धि व विनिर्माण में मामूली मंदी के बावजूद कारोबारी गतिविधियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। सेवा क्षेत्र का पीएमआई बढ़कर नवंबर में 59.2 हो गया। अगस्त के बाद से सबसे अधिक है।

महाराष्ट्रलक्ष्मी साप्ताहिक लॉटरी — सोडत दर शनिवारी — तिकीट किंमत रु. 50/- — सोडत क्र. 47 — सोडत दिनांक 23/11/2024

| | |
|---|---|
| 7 लाख | ML-01 : 1150 |
| 5000/- | 1150 |

FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- | 1576 | 4461 | 5293 | 6006 | 6385 | 6408 |
| 1000/- | 2006 | 2247 | 2840 | 4295 | 5590 | 6318 |
| 500/- | 1255 | 1866 | 1959 | 1985 | 2374 | 3906 |
| 200/- | 2291 | 2486 | 3790 | 5030 | 5734 | 5811 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1757 | 2248 | 2777 | 3320 | 3637 | 3983 | 4408 | 4797 | 5303 | 5740 | 6167 | 6630 |
| | | 1766 | 2263 | 2792 | 3321 | 3639 | 3986 | 4410 | 4809 | 5309 | 5750 | 6178 | 6633 |
| 1001 | 1363 | 1772 | 2268 | 2811 | 3333 | 3643 | 3989 | 4411 | 4829 | 5315 | 5775 | 6179 | 6637 |
| 1007 | 1364 | 1818 | 2288 | 2817 | 3334 | 3650 | 3993 | 4413 | 4832 | 5341 | 5799 | 6180 | 6650 |
| 1014 | 1377 | 1819 | 2289 | 2859 | 3335 | 3653 | 4046 | 4419 | 4846 | 5346 | 5803 | 6197 | 6653 |
| 1015 | 1379 | 1828 | 2292 | 2862 | 3340 | 3668 | 4064 | 4428 | 4848 | 5353 | 5822 | 6230 | 6654 |
| 1059 | 1380 | 1854 | 2303 | 2866 | 3346 | 3676 | 4074 | 4442 | 4884 | 5374 | 5826 | 6231 | 6656 |
| 1071 | 1387 | 1891 | 2317 | 2882 | 3348 | 3703 | 4084 | 4444 | 4912 | 5387 | 5831 | 6236 | 6662 |
| 1091 | 1421 | 1901 | 2324 | 2903 | 3368 | 3730 | 4087 | 4473 | 4940 | 5395 | 5854 | 6263 | 6663 |
| 1105 | 1430 | 1908 | 2329 | 2921 | 3374 | 3736 | 4116 | 4477 | 4942 | 5445 | 5859 | 6264 | 6664 |
| 1107 | 1458 | 1915 | 2330 | 2933 | 3375 | 3742 | 4133 | 4480 | 4947 | 5454 | 5870 | 6306 | 6670 |
| 1125 | 1460 | 1944 | 2373 | 2949 | 3376 | 3743 | 4135 | 4496 | 4949 | 5471 | 5875 | 6310 | 6676 |
| 1129 | 1470 | 1971 | 2376 | 2976 | 3378 | 3752 | 4141 | 4527 | 4954 | 5495 | 5882 | 6326 | 6684 |
| 1131 | 1472 | 1977 | 2409 | 3001 | 3380 | 3761 | 4145 | 4544 | 4955 | 5503 | 5885 | 6339 | 6696 |
| 1142 | 1478 | 2017 | 2419 | 3033 | 3383 | 3764 | 4150 | 4545 | 4960 | 5507 | 5904 | 6348 | 6700 |
| 1154 | 1510 | 2026 | 2422 | 3039 | 3393 | 3793 | 4154 | 4560 | 4974 | 5511 | 5915 | 6372 | 6706 |
| 1160 | 1511 | 2027 | 2432 | 3051 | 3397 | 3794 | 4172 | 4563 | 4993 | 5527 | 5929 | 6375 | 6740 |
| 1164 | 1512 | 2051 | 2433 | 3083 | 3416 | 3803 | 4184 | 4598 | 5000 | 5532 | 5950 | 6376 | 6744 |
| 1168 | 1533 | 2062 | 2439 | 3095 | 3420 | 3807 | 4185 | 4623 | 5005 | 5535 | 5951 | 6388 | 6756 |
| 1179 | 1542 | 2082 | 2448 | 3096 | 3431 | 3817 | 4191 | 4627 | 5031 | 5537 | 5952 | 6396 | 6763 |
| 1182 | 1572 | 2099 | 2484 | 3140 | 3438 | 3819 | 4197 | 4639 | 5053 | 5550 | 5954 | 6512 | 6774 |
| 1189 | 1590 | 2105 | 2495 | 3182 | 3440 | 3832 | 4244 | 4652 | 5055 | 5551 | 5955 | 6515 | 6776 |
| 1194 | 1619 | 2122 | 2525 | 3190 | 3444 | 3841 | 4248 | 4664 | 5056 | 5556 | 5958 | 6516 | 6786 |
| 1196 | 1627 | 2125 | 2552 | 3196 | 3460 | 3843 | 4256 | 4674 | 5085 | 5558 | 5980 | 6519 | 6810 |
| 1199 | 1639 | 2127 | 2580 | 3223 | 3476 | 3847 | 4277 | 4679 | 5089 | 5565 | 5985 | 6552 | 6832 |
| 1201 | 1641 | 2128 | 2614 | 3232 | 3480 | 3858 | 4278 | 4704 | 5093 | 5567 | 5995 | 6576 | 6865 |
| 1221 | 1657 | 2132 | 2622 | 3234 | 3519 | 3864 | 4284 | 4708 | 5129 | 5571 | 6001 | 6601 | 6866 |
| 1232 | 1691 | 2137 | 2640 | 3245 | 3521 | 3873 | 4304 | 4716 | 5155 | 5574 | 6030 | 6608 | 6875 |
| 1241 | 1699 | 2163 | 2641 | 3246 | 3544 | 3893 | 4308 | 4730 | 5178 | 5627 | 6049 | 6609 | 6877 |
| 1271 | 1702 | 2170 | 2695 | 3273 | 3562 | 3898 | 4309 | 4737 | 5185 | 5637 | 6065 | 6613 | 6912 |
| 1272 | 1704 | 2172 | 2704 | 3280 | 3571 | 3899 | 4334 | 4742 | 5187 | 5642 | 6067 | 6614 | 6917 |
| 1274 | 1706 | 2180 | 2712 | 3283 | 3573 | 3909 | 4346 | 4756 | 5219 | 5645 | 6069 | 6615 | 6938 |
| 1279 | 1710 | 2187 | 2713 | 3288 | 3590 | 3935 | 4348 | 4785 | 5225 | 5650 | 6086 | 6617 | 6961 |
| 1318 | 1711 | 2223 | 2724 | 3290 | 3605 | 3938 | 4387 | 4787 | 5238 | 5656 | 6122 | 6621 | 6962 |
| 1326 | 1713 | 2226 | 2743 | 3305 | 3612 | 3961 | 4391 | 4789 | 5276 | 5659 | 6146 | 6622 | 6990 |
| 1332 | 1715 | 2246 | 2755 | 3308 | 3617 | 3963 | 4407 | 4792 | 5285 | 5721 | 6160 | 6628 | 6992 |

महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी — मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.100/- — सोडत दिनांक 14-12-2024
22 लाख — 3 लाख — 5 लाख
महाराष्ट्रलक्ष्मी — 23/11/2024
: /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

# डोनाल्ड ने क्रेडिट कार्ड पर किया 10 फीसदी ब्याज



**नई दिल्ली.**

आजकल नौकरीपेशा लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए क्रेडिट कार्ड, लोन एप समेत कई लुभावने लो इंटरेस्ट वाले ऑफर पर आश्रित रहते हैं लेकिन इससे पहले यह जरूर जान लें कि कहीं वो आपके लिए ज्यादा घाटे का सौदा तो नहीं.
हाल ही में चुने गए अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सितंबर 2024 में न्यूयॉर्क में अपने 2024 के राष्ट्रपति कैंपेन के दौरान क्रेडिट कार्ड की ब्याज दरों पर 10 फीसदी की सीमा का प्रस्ताव रखा था.
साथ ही यह भी कहा था कि हम क्रेडिट कार्ड कंपनियों को 25 से 30 फीसदी की सालाना ब्याज दर वसूलने की अनुमति नहीं दे सकते. ट्रम्प के प्रस्ताव का उद्देश्य कार्ड कर्ज के बोझ से जूझ रहे कंज्यूमर को राहत देना है. यूएस में कंज्यूमर पर यह कर्ज कुल 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया है. भारत में कुछ ही ऐसे बैंक क्रेडिट कार्ड पर ऐसा ऑफर देते हैं जो दूसरों की तुलना में कम इंटरेस्ट लेते हैं. कंवेंशनल क्रेडिट कार्ड्स के 3-3.5 फीसदी की मासिक ब्याज दर लेने वाले बैंक की तुलना में ये कार्ड हर महीने 0.75-2 फीसदी से भी कम ब्याज लेते हैं. ऐसे कार्ड उन लोगों को टारगेट करते हैं जिन्हें हर महीने तय तारीख तक अपने बिलों का भुगतान करना कठिन लगता है. हालांकि पूरा भुगतान हमेशा सबसे अच्छा विकल्प होता है. ये कार्ड मंथली बैलेंस को मैनेज करने के लिए अधिक किफायती ऑप्शन्स यानी विकल्प देता है. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने अपने क्रेडिट कार्ड जैसे आईडीएफसी फर्स्ट वेल्थ, आईडीएफसी फर्स्ट सेलेक्ट, आईडीएफसी फर्स्ट क्लासिक और आईडीएफसी फर्स्ट मिलेनिया पर इंटरेस्ट रेट हर महीने 0.75 फीसदी (9 फीसदी सालाना) से लेकर 2.99 फीसदी (36 प्रतिशत सालाना) तक जाती हैं. इंटरेस्ट रेट तय करते समय बैंक कार्ड आवेदक के क्रेडिट स्कोर, सालाना इनकम, रोजगार की स्थिति, मौजूदा लोन डिटेल और रीपेमेंट हिस्ट्री को चेक करते हैं. इन कार्ड्स के लिए कोई ज्वाइनिंग और रीन्यूअल फीस नहीं है.

## महाराष्ट्र की राजनीति की बदली तस्वीर

**नई दिल्ली.** रुझानों में प्रदेश में बीजेपी समर्थित गठबंधन महायुति को बहुमत मिलता दिख रहा है. प्रदेश में 20 नवंबर को 288 विधानसभा सीटों के लिए वोट डाले गए थे. महाराष्ट्र में यूं तो चुनावी बिगुल बजने के साथ ही राजनीतिक पार्टियों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए कई तरह की योजनाएं शुरू करने का वादा किया, लेकिन उन सब में शिंदे सरकार की लाडली बहिण योजना ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा और ऐसा माना जा रहा है कि अगर प्रदेश में महायुति की सरकार बनती है, तो उसमें इस लाडली बहिन योजना का अहम रोल होगा. आइए जानते हैं कि इस योजना में महिलाओं को किस प्रकार की मदद दी जाती है और क्या इसने वाकई में महाराष्ट्र के चुनाव की तस्वीर बदल दी? ऐसा माना जा रहा है अगर प्रदेश में फिर से बीजेपी और शिवसेना के गठबंधन की सरकार बनती है, तो उसमें इस योजना का अहम रोल रहेगा, क्योंकि प्रदेश में 20 नवंबर को चुनाव में महिला वोटरों के वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी की दर्ज की गई थी और ऐसा माना जा रहा है कि प्रदेश की इस से लाभान्वित महिलाओं ने शिवसेना और बीजेपी के गठबंधन के पक्ष में वोट किया है. इस बार के विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने अलग ही रिकॉर्ड बनाया है. प्रदेश में इस बार कुल मतदाताओं में 6 करोड़ 44 लाख 88 हजार 195 वोटरों में से 3 करोड़ 34 लाख 37 हजार 57 पुरुष और 3 करोड़ 6 लाख 49 हजार 318 महिलाओं ने वोट डाले.

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि विकली लॉटरी — सोडत वेळ 4:45 वाजता
सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 47 • तिकीट कि. रु. 20/- • सोडत दिनांक 23/11/2024

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 3691 | 8323 | 8119 | 6970 | 5307 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 3321 | | | | 9060 | | | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0282 | 1749 | 3240 | 5086 | 8618 | | | | | |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1927 | 2833 | 4759 | 4971 | 7337 | 7878 | 8146 | 9003 | 9718 | 9820 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0877 | 0913 | 1829 | 2655 | 4125 | 5585 | 5835 | 6703 | 7940 | 9627 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1063 | 1929 | 2640 | 3347 | 4210 | 5122 | 6532 | 7352 | 8402 | 9248 |
| | 1081 | 2007 | 2663 | 3386 | 4334 | 5156 | 6584 | 7359 | 8584 | 9291 |
| 0009 | 1120 | 2040 | 2682 | 3395 | 4354 | 5159 | 6654 | 7370 | 8614 | 9303 |
| 0020 | 1124 | 2052 | 2701 | 3442 | 4370 | 5383 | 6675 | 7409 | 8633 | 9331 |
| 0033 | 1143 | 2110 | 2854 | 3446 | 4374 | 5390 | 6719 | 7437 | 8708 | 9499 |
| 0045 | 1145 | 2125 | 2927 | 3453 | 4402 | 5577 | 6764 | 7483 | 8773 | 9539 |
| 0070 | 1176 | 2162 | 2929 | 3466 | 4408 | 5587 | 6766 | 7492 | 8831 | 9621 |
| 0241 | 1207 | 2229 | 2938 | 3487 | 4426 | 5670 | 6775 | 7524 | 8844 | 9630 |
| 0245 | 1211 | 2247 | 2981 | 3576 | 4441 | 5723 | 6815 | 7543 | 8860 | 9791 |
| 0351 | 1271 | 2251 | 3013 | 3646 | 4453 | 5757 | 6946 | 7576 | 8918 | 9794 |
| 0352 | 1513 | 2259 | 3025 | 3805 | 4454 | 5760 | 6952 | 7677 | 8928 | 9809 |
| 0425 | 1523 | 2281 | 3032 | 3830 | 4514 | 5805 | 6956 | 7728 | 8983 | 9827 |
| 0494 | 1691 | 2282 | 3063 | 3833 | 4515 | 5846 | 7057 | 7762 | 9041 | 9841 |
| 0535 | 1752 | 2283 | 3130 | 3954 | 4658 | 6124 | 7088 | 7781 | 9043 | 9874 |
| 0592 | 1768 | 2298 | 3132 | 3963 | 4801 | 6129 | 7107 | 8086 | 9095 | 9940 |
| 0744 | 1796 | 2341 | 3303 | 3971 | 4944 | 6144 | 7112 | 8198 | 9120 | 9945 |
| 0970 | 1809 | 2383 | 3305 | 4104 | 5057 | 6188 | 7120 | 8208 | 9173 | 9951 |
| 0996 | 1818 | 2582 | 3312 | 4121 | 5085 | 6200 | 7139 | 8297 | 9207 | 9990 |
| 1061 | 1854 | 2628 | 3317 | 4171 | 5111 | 6369 | 7188 | 8344 | 9218 | 9992 |

महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.50/- — सोडत दिनांक 10-12-2024
22 लाख — 2 लाख — 12 लाख
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि — सोडत दिनांक 23/11/2024
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

# रेसिडेंशियल हाउसिंग प्रोजेक्ट्स का निर्माण हुआ महंगा

**नई दिल्ली.**



हाउसिंग सेक्टर में कंस्ट्रक्शन कॉस्ट में बेहताशा बढ़ोतरी के चलते बड़े शहरों में घरों की कीमतों में भारी उछाल आया है. रियल एस्टेट कंसलटेंट कोलियर्स इंडिया के मुताबिक बिल्डिंग मटेरियल्स और लेबर कॉस्ट के महंगे होने के चलते हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के औसत कंस्ट्रक्शन लागत में बीते चार सालों में 39 फीसदी का उछाल आया है. कोलियर्स इंडिया के डेटा के मुताबिक अक्टूबर 2020 में प्रीमियम हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में औसत कंस्ट्रक्शन लागत 2000 रुपये प्रति वर्ग फुट था जो अक्टूबर 2021 में बढ़कर 2200 रुपये प्रति वर्ग फुट, अक्टूबर 2022 में 2300 रुपये प्रति वर्ग फुट अक्टूबर 2023 में 2500 रुपये प्रति वर्ग फुट और मौजूदा वर्ष 2024 के अक्टूबर महीने में बढ़कर 2780 रुपये प्रति वर्ग फुट पर जा पहुंचा है. यानि पिछले चार सालों में कंस्ट्रक्शन कॉस्ट में 780 रुपये प्रति वर्ग फुट बढ़ा है.
कोलियर्स इंडिया के मुताबिक 15 फ्लोर वाले ग्रेड ए रेसिडेंशियल बिल्डिंग का ये औसत कंस्ट्रक्शन कॉस्ट है और ये लागत टीयर-1 शहरों का है. डेटा के मुताबिक पिछले एक साल में हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के कंस्ट्रक्शन की औसत लागत में 11 फईसदी की बढ़ोतरी आई है. लेबर कॉस्ट में बड़ी बढ़ोतरी के साथ रेत, ईंट, कांच, लकड़ी जैसी कंस्ट्रक्शन सामग्री की कीमतों में इजाफा के चलते घरों का निर्माण करना महंगा हुआ है. हालांकि सीमेंट, स्टील, कॉपर और एल्युमीनियम जैसी निर्माण की सामग्रियों की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी आई है. लेकिन लेबर कॉस्ट में एक साल में 25 फीसदी की बढ़ोतरी के चलते कंस्ट्रक्शन कॉस्ट में बड़ा इजाफा देखने को मिला है. कोलियर्स इंडिया के सीईओ बादल याग्निक ने कहा, पिछले वर्ष प्रमुख कंस्ट्रक्शन मटेरियल्स की कीमतों में बढ़ोतरी मामूली रही है पर लेबर कॉस्ट के बढ़ने के चलते कंस्ट्रक्शन कॉस्ट बढ़ा है. हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के कंस्ट्रक्शन कॉस्ट में लेबर कॉस्ट की हिस्सेदारी 25 फीसदी के करीब है.

### सालाना आधार पर 55 फीसदी कीमतें बढ़ीं

एनारॉक ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत में प्रॉपर्टी की कीमतों में भारी उछाल देखने को मिला है. खासतौर से देश के टॉप 7 शहरों में औसत घरों की कीमत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 23 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ बढ़कर 1.23 करोड़ रुपये हो गई है जो पिछले वित्त वर्ष की पहली छिमाही में एक करोड़ रुपये थी. यानी घरों की औसत कीमत में 23 लाख रुपये का इजाफा हुआ है. दिल्ली एनसीआर में घरों की कीमतें सालाना आधार पर 55 फीसदी कीमतें बढ़ी है. बेंगलुरु में 44 फीसदी बढ़ी है. हैदराबाद, चेन्नई, पुणे और कोलकाता में भी घरों की कीमत बढ़ी है.

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

विदर्भ स्टॉकिस्ट
प्रविण कडू : 9822472123

# राज्य में चल गया लाड़ली बहिन का जादू

## महिला वोटरों की संख्या पुरुष वोटरों से कहीं ज़्यादा

**मुंबई.**

राज्य विधानसा चुनाव 2024 में महायुति ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बनने जा रही है। एमवीए बहुमत के आंकड़े से काफी दूर रही। महायुति की इस जीत में सबसे बड़ा रोल लाडली बहिन योजना का है। इस योजना के शुरू होने पर ही सरकार ने ऐलान कर दिया था कि विधानसभा चुनाव में यह बहुत बड़ी योजना साबित होगी। लाडली बहिन योजना का महायुति के दलों अजित पवार गुट की एनसीपी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और बीजेपी ने जमकर प्रचार किया। इस योजना का असर देख, कांग्रेस ने भी इससे मिलती जुलती



योजना का ऐलान किया। बीजेपी नेताओं ने दावा किया है कि महायुति की जीत में लाडकी बहिन योजना का बड़ा हाथ है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में इस बार 66.05% वोटिंग हुई है। 2019 के मुकाबले इस बार लगभग 5% ज़्यादा लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। खास बात यह रही कि इस बार महिला वोटरों की संख्या पुरुष वोटरों से कहीं ज़्यादा रही।

चुनाव आयोग के मुताबिक, कुल 6 करोड़ 44 लाख 88 हजार 195 वोटरों में से 3 करोड़ 34 लाख 37 हजार 57 पुरुष और 3 करोड़ 6 लाख 49 हजार 318 महिलाओं ने वोट डाले। सबसे ज़्यादा वोटिंग करवीर विधानसभा क्षेत्र में 84.96% रही, जबकि सबसे कम मतदान कोलाबा विधानसभा क्षेत्र में 44.44% रहा।

### चुनावों में इस बार 5 फीसदी वोटिंग अधिक

ऐसे में यह सवाल उठना लाज़मी है कि क्या 'लाडली बहन योजना' वाकई में महिला वोटरों को प्रभावित करने में कामयाब रही? क्या इस योजना का सीधा फायदा महायुति को मिला तो इसका जवाब हां माना जा रहा है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, करवीर, चिमूर, ब्रम्हपुरी, नेवासा, कागल, आर्मोरी, नवापुर, शाहुवाड़ी, कुडाल और पलुस-काडेगांव विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं ने बड़ी संख्या में वोट डाले। इस बार महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में कुल 9.7 करोड़ मतदाता थे, जिनमें 5.22 करोड़ पुरुष और 4.69 करोड़ महिला वोटर थे।

चुनावों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के पीछे 'लाडली बहन योजना' को माना गया। राज्य में चुनावों से पहले इस योजना को लेकर काफ़ी चर्चा रही थी। चुनाव प्रचार के दौरान महायुति ने सत्ता में वापसी पर 'लाडली बहन योजना' के तहत मिलने वाली राशि 1500 रुपये से बढ़ाकर 2100 रुपये करने का वादा किया था। वहीं, कांग्रेस ने भी 'महालक्ष्मी योजना' के तहत कर्नाटक की तर्ज पर 3000 रुपये महीने और महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा का वादा किया था। हालांकि महायुति का दांव महाराष्ट्र में काम कर गया। महाराष्ट्र में महायुति बड़ी जीत की ओर है।

# करारी हार से टूटा सरकार बनाने का सपना

### > कांग्रेस नहीं बचा पाई नेता विपक्ष की कुर्सी

**मुंबई.** विधानसभा चुनावों में बीजेपी के महायुति की प्रचंड जीत में कांग्रेस को गुजरात वाली चोट मिली है। 2022 के गुजरात विधानसभा चुनावों कांग्रेस सिर्फ 17 सीटें जीत पाई थी। इसके बाद राज्य की सत्ता में 25 साल से बाहर कांग्रेस के हाथों से नेता विपक्ष का पद भी चला गया था। महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों में भी कुछ ऐसी स्थिति उभरी है। विपक्ष गठबंधन महाविकास आघाड़ी (एमवीए) को कोई भी घटक जरूरी 29 सीटों के आसपास पहुंचता नहीं दिख रहा है। नियमानुसार संसद और विधानसभा में नेता विपक्ष के लिए 10 फीसदी सीटों का होना आवश्यक है। महाराष्ट्र में कम से 29 सीटों होनी चाहिए। कांग्रेस को 25 सीटों के अंदर सिमटती गई है। ऐसे में सवाल खड़ हो गया है कि जिस महाविकास आघाड़ी में सीएम बनने के लिए लड़ाई थी। उसके घटक दल नेता विपक्ष की हैसियत भी नहीं रख पाए।



महाविकास आघाड़ी के नेताओं ने विधानसभा चुनावों में महाराष्ट्र से गुजरात की तरफ निवेश, कारखाने और नौकरियां जानें को चुनावी मुद्दा बनाया था, लेकिन एमवीए का यह दांव उल्टा पड़ा। महायुति को 220 से अधिक सीटें मिलती दिख रही है तो वहीं एमवीए 50 के आसपास सिमट गया है। राहुल गांधी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के 99 सीटें हासिल करने के बाद नेता विपक्ष बन पाए थे। लोकसभा में 13 सीटें जीतने वाली कांग्रेस की यह दुर्गति होगी यह शायद किसी ने नहीं सोचा था। गुजरात के बाद कांग्रेस महाराष्ट्र में भी कमजोर स्थिति में पहुंच गई है। महाराष्ट्र में कांग्रेस ने 102 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

2019 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी सबसे बड़ी बनी थी। से 105 सीटों पर जीत मिली थी। दूसरे नंबर पर उद्धव ठाकरे की शिवसेना और फिर तीसरी नंबर पर एनसीपी रही थी। शिवसेना और एनसीपी के टूटने के बाद कांग्रेस को राज्य में नेता विपक्ष का पता मिला था। जब राज्य में शिंदे सीएम बने थे तो पहले संख्याबल के हिसाब से एनसीपी को यह पद मिला था और अजित पवार नेता विपक्ष बने थे। एनसीपी के टूटने के बाद कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी हो गई थी। तब विजय वडेट्टीवार नेता विपक्ष बने थे। वह 1 साल 112 दिनों तक नेता विपक्ष रहे। 2024 के चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन इतना खराब रहा कि वह नेता विपक्ष की कुर्सी भी नहीं बचा पाई।

# कंकावली सीट से जीते नितेश राणे

### > 58 हजार वोटों से उद्धव सेना को दी शिकस्त

**मुंबई.** कंकावली विधानसभा सीट पर बीजेपी का कब्जा हो गया है। इस सीट पर नितेश राणे 58 हजार से ज्यादा वोटों से चुनाव जीत गए हैं। उन्हें कुल 108369 वोट मिले। वहीं उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी के उम्मीदवार संदेश भास्कर पारकर दूसरे नंबर पर रहे। पारकर को कुल 50362 वोट मिले। निर्दलीय उम्मीदवार गणेश माने को कुल 1144 वोट मिले और वह तीसरे नंबर पर रहे। नितेश राणे इस सीट पर लगातार तीसरी बार बीजेपी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे थे। वहीं इस सीट पर उद्धव ठाकरे की पार्टी ने ताल ठोंकी थी। शिवसेना यूबीटी से संदेश् भास्कर पारकर चुनाव मैदान में थे। इसके बावजूद नितेश राणे ने लगातार तीसरी दर्ज करके सबको चौंका दिया है।

कंकावली विधानसभा सीट में पिछले दो बार हुए चुनाव में नितेश राणे विधायक बन थे। 2019 में उन्होंने



बीजेपी के टिकट पर 84,504 वोट हासिल किए थे और विधायक बने थे। वहीं, 2014 में वह कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने थे। तब उन्हें कुल 74,715 वोट मिले थे। 2009 में इस सीट पर प्रमोद शंतराम विधायक चुने गए थे। वह बीजेपी के टिकट पर विधायक बने थे। 2004 में निर्दलीय यशवंतराव नाईक विधायक बने थे। उन्हें 65,717 वोट मिले थे। कंकावली सीट का कैसा रहा गणितकंकावली विधानसभा सीट पर 1978 से चार बार भारतीय जनता पार्टी का कब्जा रहा है। वहीं तीन बार कांग्रेस का विधायक चुना गया है। इस लिहाज से दोनों पार्टियों के बीच कांटे की टक्कर रही है। हालांकि 2000 के बाद कांग्रेस सिर्फ एक बार ही जीत हासिल कर पाई है।

# चुनाव रिजल्ट को लेकर भड़के राउत

**मुंबई-**

राज्य विधानसभा चुनाव रिजल्ट उस दिशा में है, जो बेहद दिलचस्प है। इधर महाराष्ट्र में सरकार बनाने का दावा कर रही महा विकास अघाड़ी ने हार मान ली है। रुझानों के आते ही संजय राउत का पारा चढ़ गया और प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर वह जमकर बरसे। संजय राउत ने कहा कि उन्हें यह रिजल्ट मंजूर नहीं है। यह फैसला जनता का नहीं हो सकता। महाराष्ट्र की जनता गद्दार नहीं है। संजय राउत ने कहा कि चुनाव रिजल्ट से पहले कुछ गड़बड़ किया गया है। उन्होंने गौतम अडानी के केस का भी जिक्र किया। उन्होंने मांग की है कि बैलट पेपर से फिर से महाराष्ट्र में चुनाव कराए जाएं।

संजय राउत के चेहरे पर गुस्सा साफ झलक रहा था। वह खिसिया रहे थे। उन्होंने चिड़चिड़ेपन में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और खूब भड़के। संजय राउत ने कहा कि आपने



ऐसा रिजल्ट दिया है? इस राज्य की जतना को बेईमान बना दिया है।

उद्धव गुट के सांसद संजय राउत ने कहा, 'महाराष्ट्र के लोग बेईमान नहीं है। हमें नतीजे कबूल नहीं है। यह जनता का फैसला नहीं है, जनता को भी यह फैसला कबूल नहीं है। यह जनता का निर्णय नहीं है।' उन्होंने पूछा कि क्या महाराष्ट्र में संभव है कि शिंदे को महाराष्ट्र में 60 सीटें मिल जाएं? अजित पवार को 40 सीटें मिलें? क्या यह संभव है कि बीजेपी को 125 सीटें मिल रही हैं? यह संभव नहीं है। संजय राउत ने कहा कि बीजेपी को मालूम था कि महाराष्ट्र रिजल्ट किस दिशा में जा रहा है इसलिए दो दिन पहले गौतम अडाणी के खिलाफ अरेस्ट वारंट हो गया। गौतम अडानी पर केस हो गया,

200 करोड़ की रिश्वत का केस। बीजेपी की पोल खुल गई। गौतम अडानी, अमित शाह, मोदी, देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे, अजित पवार यह सब एक हैं। उसके ऊपर से ध्यान हटाने के लिए यह कपट किया गया है। संजय राउत ने कहा कि मुंबई गौतम अडानी की जेब में जा रहा है। हमने इसका विरोध किया इसलिए यह सब किया गया। हम लोग इस देश को अडानी राष्ट्र नहीं होने देंगे। महाराष्ट्र का यह रिजल्ट नहीं है, यह नतीजे महाराष्ट्र की जनता पर लाद दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मैं फिर कहता हूं, बार-बार कह रहा हूं कि यह महाराष्ट्र की जनता का फैसला हो ही नहीं सकता। महाराष्ट्र की जनता का मन हमें मालूम है। यह हो ही नहीं सकता।

# महिला ने छठी मंजिल से कूदकर जान दी

**मुंबई.** एक 39 वर्षीय महिला, जिसे मूत्राशय की समस्या के कारण गुरुवार रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था, ने छठी मंजिल से छलांग लगा दी। इस मामले में अस्पताल प्रशासन ने गहन जांच के आदेश दिए हैं. अस्पताल प्रशासन की ओर से थाने में शिकायत भी दर्ज करायी गयी है. जोगेश्वरी की रहने वाली राबिया खान (39) को गुरुवार रात 10 बजे अस्पताल लाया गया क्योंकि वह मूत्राशय की समस्याओं से पीड़ित थीं। डॉक्टरों ने उसे अस्पताल में भर्ती कर लिया. लेकिन शुक्रवार की सुबह छह बजे से वह मरीज कक्ष से गायब हो गयी. इसलिए अस्पताल में हर जगह उसकी तलाश की गई. इस बीच, सुबह करीब 8.30 बजे वह इमारत के पिछले हिस्से में अग्निशमन वाहिनी के पास पड़ी हुई पाई गई। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पोस्टमार्टम के बाद पता चला कि उसकी मौत सिर पर चोट लगने और शरीर पर कई चोटों के कारण हुई।

# अब रद्द नहीं होगी धारावी परियोजना

**मुंबई.** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भाजपा और शिव सेना (एकनाथ शिंदे) की महायुति की भारी जीत से अरबपति गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह की तीन अरब डॉलर की धारावी परियोजना को बड़ी राहत मिली है। ऐसा इसलिए क्योंकि विपक्षी दल उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने सत्ता में आने पर इस परियोजना को रद्द करने की बात कही थी। अदाणी ग्रुप की इस परियोजना के तहत मुंबई की झुग्गी बस्ती धारावी को विश्वस्तरीय जिले के रूप में पुनर्विकसित किया जा रहा है।

धारावी को एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती माना जाता है। चुनावों के दौरान शिवसेना (यूबीटी) ने जनता से वादा किया था कि वे इस परियोजना के लिए अदाणी समूह को दी गई सारी जमीन वापस ले लेंगे और इस परियोजना को भी पूरी तरह से रद्द कर देंगे। विपक्षी गठबंधन महायुति और भाजपा पर लगातार अदाणी ग्रुप को फायदा पहुंचाने के लिए काम करने का आरोप लगा चुका है।

अदाणी की योजना धारावी की 620 एकड़ की शानदार ज़मीन को



एक शानदार शहरी केंद्र में बदलने की है। यह जमीन न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क के आकार का लगभग तीन चौथाई है। धारावी मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नज़दीक घनी आबादी वाली झुग्गी बस्ती है। इस परियोजना के तहत यहां खुले सीवर और साझा शौचालयों वाली जर्जर झुग्गियों में रहने वाले लगभग सात लाख लोगों को 350 वर्ग फुट तक के फ़्लैट मुफ़्त दिए जाने हैं। धारावी पुनर्विकास का यह मामला राजनीतिक रूप से तब गरमा गया था, जब विपक्ष ने आरोप लगाया था कि अदाणी ग्रुप को अनुबंध देने में राज्य सरकार से अनुचित लाभ मिला है। हालांकि अदाणी ग्रुप ने सरकार के पक्षपात से लाभ उठाने से इनकार किया है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बार-बार धारावी पुनर्विकास परियोजना के मुद्दे को उठाते रहे हैं।

# 17 मिनट में होगा मुंबई से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक सफर

**मुंबई.** सरकार मुंबई में रहने वाले लोगों के लिए ऐसी व्यवस्था करने जा रही है जिसकी वजह से रास्ते में मिलने वाले ट्रैफिक जाम से लोगों को छुटकारा मिल सकता है। बता दें कि मुंबई में जल्द ही वाटर टैक्सी की शुरुआत होने वाली है। जिसके बाद मुंबई से नवी मुंबई तक का सफर बिना किसी रुकावट के कम से कम समय में तय किया जा सकेगा। वहीं, सड़क मार्ग का इस्तेमाल करके मुंबई से एयरपोर्ट तक जाने में करीब डेढ़ या दो घंटा का समय लगता है। लेकिन अब आप यह लंबा सफर सिर्फ 17 मिनट में ही पूरा कर सकते हैं। सरकार ने मुंबई से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक जाने के सफर को कम करने का तरीका बताया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शहर के आसपास के समुद्री मार्ग को इस्तेमाल करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित वाटर टैक्सी सेवा से लोग मुंबई के किसी भी जगह से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक की यात्रा सिर्फ 17 मिनट में तय कर सकेंगे। इससे आने जाने का समय कम होगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने एक चुनावी रैली के दौरान यह बात कही। उन्होंने बताया कि मुंबई तक ठाणे के बीच कनेक्टिविटी में बदलाव करने और यातायात की भीड़ भाड़ को कम करने के लिए सरकार द्वारा यह योजना शुरू की जाएगी।

# श्रीवर्धन सीट पर एनसीपी की अदिति तटकरे जीतीं

### > शरद पवार गुट के उम्मीदवार को हराया

**मुंबई.**

राज्य की श्रीवर्धन विधानसभा सीट पर एनसीपी उम्मीदवार अदिति तटकरे ने बड़ी जीत दर्ज की है। अदिति तटकरे ने 82 हजार 798 वोटों से जीत हासिल की। उन्हें कुल 116050 वोट मिल हैं। इस सीट पर शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी एसपी के उम्मीदवार अनिल दत्ताराम दूसरे नंबर पर रहे। उन्हें कुल 33252 वोट मिले। दरअसल इस सीट पर राजाभाऊ ठाकुर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे थे, इसलिए त्रिकोणीय मुकाबले की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें सिर्फ 4080 वोट मिले। ऐसे में तस्वीर यह है कि एनसीपी ने अकेले दम पर जीत हासिल की है।

एनसीपी के विभाजन के बाद इस सीट पर अजित पवार की अगुवाई वाली पार्टी से अदिति तटकरे चुनाव मैदान में थीं। वहीं शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी से अनिल दत्ताराम चुनाव मैदान में उतरे थे। इसके अलावा इस सीट पर राजठाकरे की मनसे ने भी ताल ठोंकी थी। मनसे से फैसल पोपेर चुनाव मैदान में थे। लेकिन उन्हें सिर्फ 2125 वोट मिले।

महाराष्ट्र की श्रीवर्धन विधानसभा



रायगढ़ जिले में आती है। श्रीवर्धन विधानसभा 1962 में बनी है। तब से यहां चुनाव हो रहे हैं। श्रीवर्धन विधानसभा सीट से अभी मौजूदा विधायक अदिति तटकरे हैं। इन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। वह अभी अजीत पवार गुट की एनसीपी की विधायक हैं।

श्रीवर्धन विधानसभा के चुनावी इतिहास पर नजर डाले तो यहां लगातार तीन बार से एनसीपी जीत रही है। 2019 में एनसीपी की अदिति तटकरे जो अभी अजित पवार गुट में शामिल हैं। उन्हें 92,074 वोट मिले थे। दूसरे नंबर पर यहां से शिवसेना के नेता विनोद रामचंद्र घोसालकर रहे थे। शिवसेना नेता को 2019 के विधानसभा चुनाव में 52,453 वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में भी इस सीट पर एनसीपी ने जीत दर्ज की थी। एनसीपी उम्मीदवार अवधूत अनिल तटकरे को 61038 वोट मिले थे। शिवसेना नेता रवीन्द्र रामजी मुंडे को 60961 वोट मिले थे। मात्र 77 वोटों से 2014 के विधानसभा चुनाव में एनसीपी उम्मीदवार ने यहां से जीत दर्ज की थी।

# धुले में महायुति का लहराया परचम

### > 2 उम्मीदवारों ने जिले को किया भगवामय

**धुले.** जिले में महायुति ने पांच में से पांच विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में निर्विवाद बहुमत हासिल कर भगवा फहराया है। धुलिया ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस की एकमात्र सीट को भी भाजपा ने हासिल कर लिया और कांग्रेस को जिले से निकाल बाहर कर दिया। शिरपूर, धुलिया शहर, शिंदखेडा, साक्री और धुलिया ग्रामीण में रोमांचक मुकाबला हुआ। इनमें से धुलिया शहर और धुलिया ग्रामीण की लड़ाई विशेष रूप से रोमांचक थी। साक्री विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भी महायुति की उम्मीदवार मंजूला गावित ने जीत हासिल की। जिले में महायुति ने बड़ी जीत हासिल की है। धुलिया ग्रामीण में कांग्रेस के वित्रमान विधायक कुणाल पाटील को हराकर महायुति के भाजपा उम्मीदवार राघवेंद्र उर्फ राम भदाणे ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। धुलिया शहर में अनुप अग्रवाल ने बड़े मतों के अंतर से जीत हासिल की है। इस चुनाव में महायुति और महाविकास आघाडी के बीच कांटे की टक्कर होने की उम्मीद थी, लेकिन मतदाताओं ने महायुति को भरपूर समर्थन दिया और जिले को




भगवामय बना दिया।

जिले में शिंदखेडा और शिरपूर दो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी के गढ़ बन गए हैं। शिरपूर में पूर्व मंत्री और विधायक अमरिशभाई पटेल का राजनीतिक प्रभाव है, और आदिवासी आरक्षित सीट होने के कारण, अमरिशभाई पटेल के कट्टर समर्थक काशिराम पावरा ने यहां से चुनाव लड़ा था। काशिराम पावरा ने 2009 और 2014 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीता था, लेकिन 2019 से पहले अमरिश पटेल के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हो गए। तब से वे विधायक हैं। इस बार भी उन्हें महायुति के माध्यम से भाजपा की उम्मीदवारी मिली और वे फिर से विधायक बन गए हैं। उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार और निर्दलीय उम्मीदवार जितेंद्र ठाकूर को उन्होंने बड़े अंतर से हराया। काशिराम पावरा को 1 लाख 76 हजार 516 वोट मिले, जबकि जितेंद्र ठाकूर को 31 हजार 806 वोट मिले। काशिराम पावरा 1 लाख 45 हजार 944 वोटों से विजयी हुए हैं।

धुलिया ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुणाल पाटील, पूर्व मंत्री रोहिदास पाटील के पुत्र, ने 2014 के चुनाव में भाग लिया था, जब देश भर में मोदी लहर थी। इसके बावजूद, वह जिले के 5 में से एकमात्र कांग्रेस विधायक के रूप में राज्य भर में प्रसिद्ध हुए। इसके कारण, कांग्रेस नेताओं ने उन्हें महाआघाडी के रूप में इस बार फिर से उम्मीदवारी दी।

कुणाल पाटील के पिता रोहिदास पाटील ने विधानसभा में 6 बार प्रतिनिधित्व किया था। उन्हें कृषि और राजस्व विभाग के मंत्री के रूप में उत्कृष्ट विधानसभा सदस्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। लंबे समय तक रोहिदास पाटील का प्रभाव इस निर्वाचन क्षेत्र पर बना रहा, जिससे यह संपूर्ण महाराष्ट्र में कांग्रेस का गढ बन गया था।

लेकिन, इस बार कुणाल पाटील को महायुति के उम्मीदवार राम भदाणे के सामने पराजय का सामना करना पड़ा। भारतीय जनता पार्टी ने राम भदाणे को उम्मीदवारी दी थी। राम भदाणे स्व। द।वा।पाटील के पोते हैं और उनके परिवार का जिल्हे में एक मजबूत राजनीतिक आधार है। राम भदाणे के परिवार ने शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में कई संस्थाओं की स्थापना की है, जिससे उन्हें जिले में मजबूत जनसंपर्क मिला है। इसी का परिणाम है कि उन्हें सफलता मिली है।

धुलिया शहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के अनुप अग्रवाल ने 21वें राउंड में एक लाख 15 हजार 125 वोटों के साथ एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी एआईएमआईएम के शाह फरूक अनवर को 70 हजार 289 वोट मिले, जबकि उद्धव बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना से अनिल गोटे को 23 हजार 496 वोट मिले। अनुप अग्रवाल की जीत का अंतर 44 हजार 836 वोटों का था। अग्रवाल ने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा, जिसमें उन्होंने एआईएमआईएम के विर्तमान विधायक शाह फरूक अनवर, समाजवादी पार्टी के इरशाद जहागीरदार और उद्धव बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना से अनिल गोटे का सामना किया।

# पिंपरी में अन्ना बंसोडे की हैट्रिक

पिंपरी. शहर की आरक्षित पिंपरी विधानसभा क्षेत्र से राकांपा (अजित पवार) विधायक अन्ना बंसोड ने हैट्रिक बनाई है. बंसोड पहले राउंड से ही बढ़त पर थे। उन्होंने एनसीपी (शरद पवार) की सुलक्षणा शिलवंत को 36,698 वोटों से हराया। पिंपरी विधानसभा क्षेत्र में पुराने पुणे-मुंबई राजमार्ग के दोनों ओर का क्षेत्र मिश्रित आबादी वाला है। अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित यह निर्वाचन क्षेत्र 2009 में बनाया गया था। तब से हुए तीन चुनावों में एनसीपी ने दो बार और शिवसेना ने एक बार जीत हासिल की। 2009 और 2019 में अन्ना बंसोडे चुने गए और 2014 में शिवसेना के गौतम चाबुकस्वार चुने गए। अजित पवार की राष्ट्रवादी पार्टी ने कभी किलेबंद शहर में पिंपरी की एकमात्र सीट ग्रैंड अलायंस में जीती। बनसोडे की कार्यप्रणाली पर आपत्ति जताते हुए पार्टी के नगर अध्यक्ष और महागठबंधन में घटक दल के पूर्व नगरसेवक योगेश बहल ने उनके नामांकन का कड़ा विरोध किया. शिवसेना (शिंदे) सांसद श्रीरंग बार्ने ने भी परोक्ष रूप से बनसोडे की उम्मीदवारी का विरोध करते हुए कहा था कि अगर वह उम्मीदवार बदलेंगे तो उन्हें सफलता मिलेगी. इसके बाद भी अजित पवार ने बनसोडे को दोबारा नॉमिनेट किया. बनसोडे ने अजित पवार पर सफलतापूर्वक विश्वास दिखाया है.

# तलाक की सहमति पत्नी ने ली वापस

**मुंबई.** निर्वाला उच्च न्यायालय ने कहा है कि आपसी सहमति से पत्नी द्वारा तलाक की सहमति वापस लेना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग नहीं है और इसे उसके पति के खिलाफ दायर क्रूरता की शिकायत को रद्द करने के आधार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 (बी) पति और पत्नी दोनों को तलाक देने से पहले आपसी सहमति से तलाक के लिए अपनी सहमति वापस लेने का अधिकार देती है। इसलिए इस अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए, ऐसा मुख्य रूप से जस्टिस अजय गडकरी और जस्टिस नीला गोखले की पीठ ने उपरोक्त आदेश देते हुए कहा. इस मामले में भी पत्नी ने कहा कि वह तलाक दिए जाने से पहले आपसी सहमति से तलाक के लिए अपनी सहमति वापस ले रही है. जहां तक



कानून का सवाल है तो उसके कृत्य को कानून का दुरुपयोग नहीं कहा जा सकता. साथ ही, अदालत ने दोहराया कि उसकी कार्रवाई पति के खिलाफ दायर क्रूरता की शिकायत को रद्द करने की मांग का आधार नहीं हो सकती। इसके अलावा, पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि दिल्ली की अदालत द्वारा अवमानना के लिए पत्नी को दोषी ठहराए जाने से, क्योंकि उसने दूसरी तलाक याचिका पर दलील नहीं दी थी, आपसी सहमति से तलाक के लिए अपनी सहमति वापस लेने के उसके अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डाला जा सकता है।

# अमृता ने महायुति की जीत को बताया ऐतिहासिक

## > सीएम पद को लेकर दिया बड़ा बयान

**मुंबई.**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा और महायुति की प्रचंड जीत के बाद उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने खुशी जाहिर करते हुए इसे ऐतिहासिक जीत बताया है। उन्होंने कहा कि जीत की उम्मीद थी पर इतनी बड़ी जीत होगी यह नहीं पता था। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार के अच्छे कामों को महाराष्ट्र



की जनता ने सराहा है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने कहा कि "हर कोई खुश है कि भाजपा को इतनी बड़ी जीत मिली है। महायुति और भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया है और आज का दिन ऐतिहासिक है। लाडली बहना योजना का बहुत बड़ा असर हुआ है और हमें इसका लाभ मिला है। भाजपा ने राज्य में विकास कार्य किए हैं और लोगों ने हर चीज का विश्लेषण करके हमारे पक्ष में मतदान किया है।

### नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मेहनत की

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि देखना चाहते थे उसके लिए खुशी है। आगे का फैसला भारतीय जनता पार्टी का हाईकमान और गठबंधन के साथी दल मिलकर करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जीत के लिए महायुति में शामिल सभी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मेहनत की है। उन्होंने सभी को जीत की बधाई दी है।

# ईवीएम 99 प्रतिशत चार्ज कैसे

**> अणुशक्ति नगर सीट की हार पर बोलीं स्वरा भास्कर**

**मुंबई.** विधानसभा चुनावों में बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर के पति फहाद अहमद की जीत का सपना टूट गया है। अणुशक्ति नगर से नवाब मलिक की बेटी सना मलिक से हारे फहाद अहमद की जीत पर स्वरा भास्कर ने सवाल खड़े किए हैं। स्वरा भास्कर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके पूछा है कि पूरा दिन वोट होने के बावजूद ईवीएम मशीन 99 फीसदी कैसे चार्ज हो सकती है ? इलेक्शन कमीशन जवाब दे। अणुशक्ति नगर विधानसभा में जैसे ही 99 फीसदी चार्ज मशीने खुली उसके बीजेपी समर्थित एनसीपी को वोट मिलने लगे आख़िर कैसे हरियाणा चुनावों में कांग्रेस ने भी हार के बाद ईवीएम के 99 फीसदी चार्ज मिलने पर सवाल खड़े



किए थे।

जिन्हें आयोग ने खारिज कर दिया था। स्वरा भास्कर ने लिखा है कि अणुशक्तिनगर विधानसभा में एनसीपी-एसपी के फहाद अहमद की लगातार बढ़त के बाद 17वें, 18वें, 19वें राउंड में अचानक 99 फीसदी बैटरी चार्जर वाली ईवीएम खुल जाती हैं और बीजेपी समर्थित एनसीपी-अजित पवार उम्मीदवार सना बढ़त बना लेती हैं। पूरे दिन वोटिंग वाली मशीनों में 99 फीसदी बैटरी कैसे चार्ज हो सकती हैं? सभी 99% चार्ज बैटरियां बीजेपी और उसके सहयोगियों को वोट क्यों देती हैं?

**सुविचार**

हर चीज का समाधान आपके अंदर है।
बस उसे अच्छे से जानने की ज़रूरत है।

**ब्यूटी**

# बीबी क्रीम, सीसी क्रीम और डीडी क्रीम में अंतर



❑ मेकअप के कई ऐसे प्रोडक्ट्स हैं जिनके बारे में लोग जानते ही नहीं हैं कि किसे कब और कैसे लगाना चाहिए। पहले के टाइम में जहां फाउंडेशन का इस्तेमाल सिर्फ दाग-धब्बों को छुपाने के लिए किया जाता था, वहीं अब फाउंडेशन के कई तरह के शेड्स, ब्रांड्स और प्रोडक्ट्स आ चुके हैं। लेकिन यहां भी कई लोग हैं जिन्हें सही से पता नहीं होता कि कौन सा प्रोडक्ट किसके लिए बना है। आजकल फाउंडेशन से हल्की क्रीम, बीबी क्रीम, सीसी क्रीम और डीडी क्रीम आ गई हैं जो फाउंडेशन की ही तरह चेहरे को खूबसूरत बनाती हैं, लेकिन ये काफी हल्के वर्शन होते हैं। लेकिन लोग फाउंडेशन समझ कर कोई भी क्रीम खरीद लेते हैं, जबकि उन्हें यह नहीं पता कि आखिर कौन सा सबसे बेस्ट है। तो आइए जानते हैं आज। बीबी क्रीम (ब्लेमिश बाम): इस क्रीम का पूरा नाम ब्लेमिश बाम या ब्यूटी बाम है। बीबी क्रीम एक फेस क्रीम है, जो दाग-धब्बे को छुपाने के लिए उपयोग में लाया जाता है। यह एक हल्का फाउंडेशन होता है जो त्वचा को मॉइश्चराइज करता है, सूरज की किरणों से भी बचाता है और त्वचा के रंग को एक नेचुरल टच देता है। इस क्रीम में सनस्क्रीन, हाइड्रेटिंग एजेंट्स और एंटी-एजिंग तत्व होते हैं, जो हल्के या मध्य कवरेज देते हैं।

सीसी क्रीम (कलर करेक्टिंग क्रीम): यह मेकअप प्रोडक्ट का पूरा नाम कलर करेक्टिंग क्रीम है, जो त्वचा के रंग को सुधारे में मदद करता है, जैसे कि रेडनेस, डार्क स्पॉट्स और काले घेरे। यह बीबी क्रीम से ज्यादा रंग के कॉम्प्लेक्शन को सुधारने में मदद करता है। इसमें ग्रीन, पिंक, और येलो टोन होते हैं, जो स्किन टोन के अनुसार स्किन पर लगाए जा सकते हैं। डीडी क्रीम (डेली डिफेंस और डायनामिक डू -आल): डीडी क्रीम एक अल्टीमेट स्किनकेयर प्रोडक्ट है, जो बीबी और सीसी क्रीम दोनों के फायदे एक साथ देता है। इसे लगाने से आपकी त्वचा का देखभाल होने के साथ-साथ एक शानदार लुक भी मिलता है। इसमें एंटी-एजिंग, हाइड्रेशन और रंग सुधार के अलावा, स्किन टोन और टेक्सचर को सुधारने में मदद करता है।

# प्रयागराज



❑ हिंदू धर्म के लोगों के लिए प्रयागराज आस्था का केंद्र है, क्योंकि यहां पर त्रिवेणी संगम है, यानी गंगा-यमुना और सरस्वती नदियां यहां आकर एक हो जाती हैं. 2013 के बाद एक बार फिर 12 साल के बाद 13 जनवरी 2025 पौष पूर्णिमा के दिन महाकुंभ की शुरुआत हो जाएगी. ये भारत का सबसे बड़ा धार्मिक समागम माना जाता है, जिसमें न सिर्फ देश के बल्कि विदेशों से भी श्रद्धालु आते हैं और यहां आध्यात्मिकता के साथ भारतीय संस्कृति का अद्भुत संगम देखा जा सकता है. इस बार भी करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ में जुटने की संभावना है. अगर आप भी महाकुंभ मेले के लिए प्रयागराज जाने वाले हैं तो जान लें कि आप संगम में डुबकी लगाने के साथ ही किन जगहों को विजिट कर सकते हैं.

2025 के महाकुंभ में प्रयागराज जा रहे हैं तो जान लें कि यह जगहा न सिर्फ अध्यात्म की दृष्टि से खास है, बल्कि यहां पर कई ऐसी जगहें हैं जिन्हें एक्सप्लोर करना आपके लिए शानदार एक्सपीरियंस रहेगा. तो चलिए जान लेते हैं कि आप प्रयागराज में महाकुंभ मेले के अलावा किन-किन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं.

**बड़े हनुमान जी मंदिर:** गंगा-यमुना तट के पास ही बड़े हनुमान जी का मंदिर बना हुआ है, जिसकी ख्याति दूर-दूर तक है. यहां पर हनुमान जी लेटी हुई अवस्था में विराजमान हैं. संगम में स्नान के बाद यहां पर दर्शन जरूर करना चाहिए. इसके अलावा अगर आपको आध्यात्मिक जगहों को विजिट करना है तो मनकामेश्वर मंदिर, नागवासुकी मंदिर (दारागंज), हनुमत निकेतन मंदिर (सिविल लाइन), सजावन महादेव मंदिर में जा सकते हैं.

**शिवालय पार्क:** महाकुंभ 2025 में जाएं तो शिवालय पार्क को जरूर विजिट करें, जिसे संगम से कुछ दूर अरैल में इस खास मौके के लिए तैयार किया गया है. यह पार्क भारत के मानचित्र के आकार का बनाया गया है.

**इलाहाबाद किला करें विजिट:** प्रयागराज जा रहे हैं और कुछ ऐतिहासिक देखना चाहते हैं तो यहां पर आप इलाहाबाद किला विजिट कर सकते हैं, जहां पर तीन बड़ी गैलरी में अशोक स्तंभ, जोधाभाई महल और सरस्वती कूप देखने लायक जगहें हैं.



**इलाहाबाद संग्रहालय करें विजिट:** प्रयागराज जाएं तो इलाहाबाद संग्रहालय जाना आपके लिए बेहतरीन एक्सपीरियंस रहेगा, क्योंकि यह संग्रहालय चंद्रशेखर पार्क में हरियाली के बीच स्थित है. यह म्यूजियम कई मायनों में खास है. यहां पर आप मध्य गंगा घाटी से मिले पुरावशेष के अलावा साहित्यकारों के हाथों से लिखी गई डायरी और पशु-पक्षियों की खूबसूरत आकृतियां देख सकते हैं.



**फन एक्टिविटी के लिए जाएं यहां:** अगर इलाहाबाद जाने के बाद वहां पर आप कुछ फन एक्टिविटी करना चाहते हैं तो फन गांव वाटर एंड चिल्ड्रन पार्क में विजिट करें. वाटर एक्टिविटी का लुत्फ उठाने के साथ ही आप शाम को यहां पर म्यूजिकल फाउंटेन शो और लेजर लाइट शो देख सकते हैं.

**जवाहर तारामंडल:** प्रयागराज में आप जवाहर तारामंडल (जिसे जवाहर प्लैनेटोरियम भी कहते हैं), जा सकते हैं. यह जगह इन लोगों के लिए खास है जो ग्रह-नक्षत्रों में दिलचस्पी रखते हैं. यहां पर जाएंगे तो आपको शानदार अनुभव मिलेगा, जिसे आप भूल नहीं पाएंगे.

प्रयागराज (जिसे इलाहाबाद नाम से भी जाना जाता है) भारत के उत्तर प्रदेश राज्य का एक प्रमुख नगर है। ऐसा कहा जाता है कि 1575 में इसका दौरा करने के बाद, अकबर इसके रणनीतिक स्थान से इतना प्रभावित हुआ कि उसने एक किले के निर्माण का आदेश दिया और 1584 तक इसका नाम अल्लाहबास या भगवान का निवास रखा, बाद में शाहजहाँ के अधीन इसे बदलकर इलाहाबाद कर दिया गया। यह प्रयागराज ज़िले का मुख्यालय है और हिन्दूओं का एक मुख्य तीर्थस्थल है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में वर्णित प्रयाग स्थल पवित्रतम नदी गंगा और यमुना के संगम पर स्थित है। यहीं सरस्वती नदी गुप्त रूप से संगम में मिलती है, अतः यह त्रिवेणी संगम कहलाता है, जहां प्रत्येक बारह वर्ष में कुंभ मेला लगता है। यहाँ हर छह वर्षों में अर्द्धकुम्भ और हर बारह वर्षों पर कुम्भ मेले का आयोजन होता है जिसमें विश्व के विभिन्न कोनों से करोड़ों श्रद्धालु पतितपावनी गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने आते हैं। अतः इस नगर को संगमनगरी, कुंभनगरी, तंबूनगरी आदि नामों से भी जाना जाता है। प्रयागराज के पास मुगल बादशाह अकबर ने एक किला बनवाया और बसाहट बसवाई जिसका नाम इलाहबाद रखा, बाद मे प्रयाग और इलाहबाद एक ही नाम से जाने लगे। अक्टूबर 2018 में उत्तर प्रदेश सरकार ने बदलकर पुनः प्रयागराज कर दिया। हिन्दू मान्यता अनुसार, यहां सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने सृष्टि कार्य पूर्ण होने के बाद प्रथम यज्ञ किया था। इसी प्रथम यज्ञ के 'प्र' और 'याग' अर्थात यज्ञ से मिलकर प्रयाग बना और उस स्थान का नाम प्रयाग पड़ा जहाँ भगवान श्री ब्रह्मा जी ने सृष्टि का सबसे पहला यज्ञ सम्पन्न किया था। इस पावन नगरी के अधिष्ठाता भगवान श्री विष्णु स्वयं हैं और वे यहाँ वेणीमाधव रूप में विराजमान हैं। भगवान के यहाँ बारह स्वरूप विद्यमान हैं जिन्हें 'द्वादश माधव' कहा जाता है। सबसे बड़े हिन्दू सम्मेलन महाकुंभ की चार स्थलियों में से एक है, शेष तीन हरिद्वार, उज्जैन एवं नासिक हैं। प्रयागराज में कई महत्त्वपूर्ण राज्य सरकार के कार्यालय स्थित हैं, जैसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रधान (एजी ऑफ़िस), उत्तर प्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग (पी.एस.सी), राज्य पुलिस मुख्यालय, उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद कार्यालय। भारत सरकार द्वारा प्रयागराज को जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण योजना के लिये मिशन शहर के रूप में चुना गया है। जवाहरलाल शहरी नवीयन मिशन पर मिशन शहरों की सूची व ब्यौरे और यहां पर उपस्थित आनन्द भवन एक दर्शनीय स्थलों में से एक है।

# ठंड के मौसम में सेहत का साथी संतरा

## वजन करना है कम तो आज से कर दें खाना शुरू



❑ सर्दियों का मौसम आते ही बाजार में ताजे और रसीले संतरे दिखने लगते हैं। यह खट्टा-मीठा फल न केवल स्वाद में लाजवाब है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। संतरा विटामिन सी का एक बेहतरीन स्रोत है और इसे सर्दियों का सुपरफूड कहा जाता है। आइए जानते हैं, सर्दियों में संतरा खाने के प्रमुख फायदों के बारे में... रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए: संतरा विटामिन सी से भरपूर होता है, जो शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत करता है। सर्दियों में ठंड, खांसी और जुकाम जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। संतरा खाने से शरीर को इन बीमारियों से बचाव में मदद मिलती है। यह एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो शरीर की कोशिकाओं को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं।

त्वचा को बनाए खूबसूरत: संतरे में पाए जाने वाले विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। यह त्वचा की झुर्रियों को कम करता है और इसे प्राकृतिक चमक प्रदान करता है। सर्दियों में जब त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है, तो संतरा खाने से नमी बनी रहती है। वजन घटाने में मददगार: संतरे में कैलोरी कम और फाइबर अधिक मात्रा में पाया जाता है, जिससे यह वजन घटाने में मदद करता है। अगर आप अपनी डाइट में हेल्दी स्नैक्स की तलाश कर रहे हैं, तो संतरा एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसे खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है, जिससे आप अनहेल्दी चीजें खाने से बच सकते हैं। दिल की सेहत के लिए लाभदायक: संतरा दिल की बीमारियों से बचाव में भी सहायक होता है। इसमें मौजूद पोटैशियम और फ्लेवोनोइड्स ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। यह खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करके हृदय को स्वस्थ रखने में सहायता करता है। हड्डियों और दांतों को बनाए मजबूत: संतरा न केवल विटामिन सी बल्कि कैल्शियम और फास्फोरस का भी अच्छा स्रोत है। यह हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने में मदद करता है। सर्दियों में नियमित रूप से संतरा खाने से आपको उम्र बढ़ने के साथ हड्डियों की कमजोरी से बचाव मिलता है.

# सर्दियों में बॉडी डिटॉक्स बेहद जरूरी

## इसके जरिये कैसे रखें खुद को स्लिम और स्वस्थ

❑ सर्दियों के मौसम में अक्सर आलस-आलस जैसा महसूस होने लगता है। खासकर तब, जब आप तली-भुनी चीजें ज्यादा मात्रा में खाते हैं। अहम बात यह है कि, ज्यादातर लोगों को सर्दियों में चटपटा खाने का मन भी भी करता है। ऐसे में फिट और स्लिम रहना मुश्किल हो जाता है। लेकिन अगर आप सर्दियों में बॉडी डिटॉक्स करते हैं, तो न सिर्फ आप खुद को हल्का महसूस करेंगे, बल्कि ठंड के वक्त पर बीमारियों से लड़ने में सक्षम रहेंगे। आइए जानते हैं सर्दियों में बॉडी डिटॉक्स करने का तरीका...



गुनगुना पानी पिए: ठंड के समय में प्यास तो लगती नहीं है। इसलिए काफी देर तक पानी नहीं पीना, आपको दिक्कत में ला सकता है। इसलिए ठंडे पानी की जगह गुनगुना पानी पीने की कोशिश करें, सुबह और श्याम के वक्त को गुनगुना पानी ही पीना बेहतर होगा। इसके अलावा दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी पीने की आदत जल्द से जल्द डाल लें। हर्बल टी का सेवन करें, सर्दियों में ग्रीन टी, तुलसी टी, अदरक और हल्दी वाली चाय पीना शरीर को डिटॉक्स करने का एक अच्छा तरीका है। ये एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालते हैं और इम्यूनिटी को भी बूस्ट करते हैं। हरी सब्जिया और फल खाए सर्दियों में मिलने वाली हरी सब्जियां जैसे पालक, मेथी, गाजर, चुकंदर, डिटॉक्स में सहायक होती हैं। इनमें भरपूर मात्रा में फाइबर और विटामिन्स होते हैं, जो शरीर को विषाक्त तत्वों से मुक्त करते हैं। ताजे फल जैसे सेब, संतरा और अमरूद खाने से भी शरीर को पोषण मिलता है। व्यायाम और योग करें, सर्दियों में शरीर को गर्म रखने के लिए नियमित व्यायाम और योग बेहद कारगर है। आप सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, और हल्के-फुल्के कार्डियो एक्सरसाइज कर सकते हैं, जो शरीर को डिटॉक्स करने में सहायक होंगे।

# सर्दियों में रखें त्वचा का ख्याल



❑ विंटर में नारियल का तेल काफी उपयोगी है, जो बालों के साथ-साथ आपकी पूरी बॉडी को नॉरिश रख सकता है क्योंकि कोकोनट ऑइल एक नेचुरल मॉइस्चराइजर है जो त्वचा को अंदर से नमी बनाए रखने में मदद करता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और फैटी एसिड्स जैसे गुण पाए जाते हैं, जिससे स्किन काफी मुलायम और हाइड्रेटेड रहती है। इसे इस्तेमाल करने के लिए सोने से पहले थोड़ा सा तेल लेकर अपने चेहरे पर लगाएं और हाथों से सर्कुलर मोशन में मसाज करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होगा और स्किन ग्लो करेगी। आप नारियल तेल को हाथों और पैरों में भी लगा सकती हैं। एलोवेरा जेल एक बेहतर चॉइस है चेहरे की नमी को बनाए रखने के लिए। एलोवेरा जेल त्वचा को ठंडक देता है और चेहरे की नमी बनाए रखता है। यह त्वचा के लिए फायदेमंद उपाय है, जो त्वचा को हाइड्रेशन पहुंचाने के साथ-साथ सूजन और जलन को भी कम करता है। रात में सोने से पहले ताजे एलोवेरा को अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के से मसाज करें, यह स्किन को सॉफ्ट, ग्लोइंग और मॉइस्चराइज रखेगा। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाने के काफी फायदे हैं। नींबू में विटामिन सी होता है, जो स्किन की डलनेस को खत्म करता है और चेहरे को ब्राइट करता है। ग्लिसरीन चेहरे को हाइड्रेट रखता है और नमी को चेहरे पर लॉक करता है। इस मिश्रण को बनाने के लिए एक कटोरी में 1 चमच नींबू का रस और एक छोटा चमच ग्लिसरीन मिलाकर चेहरे पर लगाएं, इसे रातभर चेहरे पर छोड़ दें और सुबह गुनगुने पानी से धो लें। इससे कील-मुहासे हटेंगे और रोजाना इस्तेमाल से चेहरे पर निखार आएगा।

# इन टेस्टी तरीकों से बनाएं सब्जी मेथी

❑ सर्दी के दिनों में मेथी आलू की सब्जी ज्यादातर घरों में बनाई जाती है और ये सेहत के लिए भी काफी हेल्दी रहती है, क्योंकि मेथी में विटामिन सी अच्छी मात्रा में होता है, इसके अलावा आयरन, कैल्शियम, विटामिन बी6, विटामिन सी, मैग्नीशियम, डायटरी फाइबर, प्रोटीन, पोटेशियम, मैंग्नीज आदि पोषक तत्व भी इसमें अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं. मेथी की तासीर भी गर्म होती है, इसलिए सर्दियों में ये शरीर को अंदर से गर्माहट देने का काम भी करती है. मेथी कई हेल्थ प्रॉब्लम जैसे इंफ्लामेशन से बचाव, बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करना, ब्लड शुगर कंट्रोल आदि में भी फायदा करती है.

सर्दी के दिनों में अगर आलू और मेथी की सब्जी खा खाकर बोर हो गए हैं तो इसे कई स्वादिष्ट तरीकों से खाया जा सकता है. मेथी की टेस्टी रेसिपी खाने के बाद आप इसे हर रोज अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहेंगे. तो चलिए जान लेते हैं मेथी की डिशेज.



ऐसे बनाएं मेथी का स्वादिष्ट साग: मेथी के साथ अगर सिर्फ आलू डालकर सब्जी बनाई जाए तो इसमें थोड़ा कसैला स्वाद आता है. इसका कसैलापन दूर करने के लिए आप पालक डालकर मेथी बनाएं, जैसे आधा किलो मेथी में आप 300 ग्राम पालक डाल सकते हैं. पालक को मिलाने से न सिर्फ मेथी के साग का स्वाद बढ़ जाता है, बल्कि इसके न्यूट्रिएंट्स भी बढ़ जाते हैं. इसे और भी ज्यादा टेस्टी बनाना है तो बनाने के दौरान थोड़ा से भीगे चावल को पीसकर इसमें मिला दें.

मेथी लहसुनी लगती है कमाल: मेथी का साग साग खाकर बोर हो गए हैं तो सर्दियों में मेथी लहसुनी बनाएं. इसके लिए सबसे पहले एक से डेढ़ लहसुन ले लें और इसे छीलकर काट लें. पैन में एक छोटा चम्मच तेल डालें और इसमें थोड़ा सा जीरा और लहसुन डालकर चटखाएं. इसमें कटी हुई मेथी एड करें और कुछ देर चलाते हुए भून लें.

अब एक पैन में तिल, मूंगफली के दाने, चना दाल को डालकर सूखा रोस्ट कर लें. इन तीनों इनग्रेडिएंट्स को पानी डालकर पीस लें. एक कढ़ाही में तेल डालें और महीन कटा प्याज, टमाटर, बेसिक मसाले जैसे पिसा सूखा धनिया, मिर्च, हल्दी, नमक डालकर पकाएं, इसमें मेथी डालें और साथ में तिल, मूंगफली वाला घोल डालकर पकाएं.

मेथी मटर मलाई: सर्दी के दिनों में आप मेथी लहसुनी के अलावा मेथी मटर मलाई बना सकते हैं. इसके लिए मेथी को साफ करके काट लें और प्याज-हरी मिर्च भी बारीक काटें. कढ़ाही में 1 चम्मच तेल गर्म करें और उसमें प्याज को डालकर सुनहरा भूनें, साथ में कुछ खड़े मसाले जैसे दालचीनी, इलायची डाल सकते हैं.

# 60 के बाद खुद को कैसे हेल्दी रखें



❑ हर उम्र के इंसान को अपनी हेल्थ का पूरा ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि पहला सुख निरोगी काया. बढ़ती उम्र में तो ये और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है, क्योंकि एक एज के बाद शरीर कमजोर होने लगता है और उम्र संबंधित बीमारियां बढ़ने लगती हैं. 60 की उम्र का पड़ाव हेल्थ से लेकर अन्य नजरियों से किसी की भी जिंदगी का बहुत जरूरी फेज होता है. इस उम्र में जहां सेहतमंद बने रहने की चुनौती बढ़ जाती है, तो वहीं इंसान खुद की जिंदगी को खुद के लिए भी जीने के लिए तैयार कर सकता है. इसके लिए बहुत जरूरी है कि चुस्त-दुरुस्त रहा जाए और ये तभी हो सकता है जब लाइफस्टाइल में कुछ जरूरी बदलाव किए जाएं. 60 की उम्र में ज्यादातर लोग हेल्थ प्रॉब्लम्स के चलते बहुत ज्यादा परेशान हो जाते हैं, वहीं कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो इस उम्र में भी हेल्दी और हैप्पी लाइफ जीते हैं. इसके लिए लाइफस्टाइल में पॉजिटिव बदलाव करना जरूरी हैं. तो चलिए जान लेते हैं.

बढ़ती उम्र में जरूरी है कि सबसे पहले खुद को मानसिक रूप से स्वस्थ रखा जाए, नहीं तो शारीरिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होने लगता है, इसलिए स्ट्रेस से दूर रहना जरूरी है और इसका सबसे अच्छा तरीका है कि रोजाना कुछ देर प्रकृति के बीच या फिर किसी शांत जगह पर जाकर मेडिटेशन किया जाए. इसके अलावा अपनी फेवरेट हॉबी को समय दे सकते हैं, जैसे गार्डनिंग करना. अक्सर बुजुर्गों में नींद की कमी देखी जाती है. इससे बचना बेहद जरूरी है. रात को रोजाना सोने से करीब आधा घंटा पहले गुनगुना दूध लिया जा सकता है, जिसमें एक चुटकी जायफल या फिर हल्दी मिलाना सही रहता है. इससे इम्यूनिटी भी मजबूत बनी रहती है और हड्डियों को भी मजबूती मिलती है और जोड़ों-मांसपेशियों के दर्द से बचाव होता है. मेडिटेशन करना भी दिमाग को शांत करता है और नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है.

बढ़ती उम्र में मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं और इसके चलते चोट का जोखिम बढ़ जाता है. इससे बचाव के लिए 60 की उम्र के लोगों को रोजाना एरोबिक एक्सरसाइज जैसे, पैदल चलना, साइकलिंग, तैरना आदि करते रहना चाहिए. इसके अलावा बॉडी बैलेंस को सही रखना है तो एक पैर पर खड़े होना, पंजे के बल कुछ देर वॉक करना जैसी एक्टिविटी करनी चाहिए. डाइट पर ध्यान देना है सबसे जरूरी 60 की उम्र में हेल्दी रहने के लिए सबसे जरूरी है कि डाइट का ध्यान दिया जाए.

हेल्थ एंड फिट कैप्सूल फिटनेस की हितकारी औषधि

❑ आजकल की भागदौड़ के जीवन में फिट रहना ऊर्जावान रहना अति आवश्यक है। इसके लिए संतुष्टि आहार स्वास्थ्य के नियमों का पालन करना भी आवश्यक है। इसके साथ साथ आयुर्वेदिक रसायन औषधि अथवा टॉनिक का सेवन भी लाभप्रद होता है। शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी सिताबर्डी टेंपल बाजार रोड नागपुर द्वारा निर्मित एवं वितरित 'हेल्थ एंड फिट कैप्सूल्स' अत्यंत उपयोगी टॉनिक साबित हुई है। उसमें घटक द्रव्यों में ब्राह्मी, शंखपुष्पी -अश्वगंधा यह आयुर्वेदिय औषधि शारीरिक एवं मानसिक बल प्रदान करने वाली होने से शरीर एवम् मन को उत्साहित रखने मे सहायक होती है। इसके साथ साथ विटामिन बी3, बायोटिन, कैल्शियम, ग्रेप सीडस एक्सट्रेक्ट, ओमेगा यह एवं बाकी मल्टी- विटामिन यह शरीर की ऊर्जा का स्त्रोत होने के कारण थकान को हटाकर शरीर की आवश्यकताओं को पूरा करके शरीर को पूरी तरह ऊर्जा प्रदान करने मे सहायक होता है। जिसके काल रोग की भागदौड़ भरी जीवन में शारीरिक एवम् मानसिक ऊर्जा भरपूर मिलती है. जिससे शरीर एवम् मन काम करके भी दुरुस्त तरोताजा रखने मेक् सहायता मिलती है. जिन व्यक्तियों को थकान, चाहे वह शारिरीक से या मानसिक होती है। काम में मन एवम् ऊर्जा नही लगता ऐसे लोगों को इसका सेवन अनुभवी वैद्यों की सलाह से करे घर बहुम अच्छा शारीरिक एवम् चित मानसीक फायदा लेकर शरीर मन तरोताजा होकर कार्यक्षमता बढ़ने मे सहायता मिल जाती है। जिससे पूरा दिन अच्छा होता है और स्वास्थ्य लाभ होते हुए देखा जा सकता है. तथापि इच्छुक व्यक्ति या रुग्ण जो कमजोरी तक थकान से ग्रस्त है वह व्यक्ति शिव शंकर आयुर्वेदिक अनुभवी की वैद्यो से औषधि ले सकते है.






शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में (0712) 2567747, 2536077 इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक: फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# नेहा भसीन का10 किलो बढ़ा वजन

बिग बॉस ओटीटी कंटेस्टेंट और सिंगर नेहा भसीन आए दिन अपने बढ़े वजन के कारण चर्चा में आ जाती हैं। वो काफी समय से बढ़े वजन से जूझ रही हैं लेकिन हाल ही में उन्होंने इसका कारण भी बताया। नेहा भसीन ने बताया कि वो प्रीमेंस्ट्रुअल डिस्फोरिक डिसऑर्डर (पीएमडीडी) से जूझ रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने स्वास्थ्य के बारे में एक लंबा नोट शेयर किया और बताया कि वह अपनी टीनेज से ही इस बीमारी से पीड़ित हैं।

2022 में, भसीन को कम प्रोजेस्टेरोन का पता चला, जिसकी वजह से उनके लिए हर महीने 15 दिन 'उठना और जीना' मुश्किल हो जाता है। नेहा ने लिखा, मैंने पहली बार 10 किलो वजन बढ़ाया और मैं पहले से ही बॉडी डिमॉर्फिया से भी ग्रसित हूं और मैं बार-बार खाना खाने की आदत से ठीक हो रही थी। लेकिन फिर एंटी डिप्रेसेंट की वजह से मेरा वजन और बढ़ने लगा। मैं दिन में 10 घंटे अकेले अंधेरे में बैठी रहती थी। अब मैं बेहतर हो रही हूं। मेरे पास मदद है और मेरे बुरे दिन भी आते हैं लेकिन मैं इससे निपटना और उम्मीद करना सीख रही हूं। उन्होंने कहा, "मुझे सड़क पर, कैफे में, जिम जाते समय पैप्स ने स्पॉट किया। मैं अपनी शक्ल देखकर ही घिन करने लगी। मुझे लगातार अपनी बॉडी को लेकर शर्मिंदगी महसूस कराई गई। उन्होंने कहा कि वह जिम जाती है, लेकिन यह भी काम नहीं कर रहा है। मैं बस उदास थी और शरीर में लगातार दर्द रहता था।



# दिल्ली के होटल में जन्मदिन मनाने पहुंचीं नयनतारा



साउथ की सुपरस्टार नयनतारा लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं. हाल ही में नयनतारा ने साउथ के जानेमाने स्टार धनुष से पंगा लिया था. जिसके बाद नयनतारा की डॉक्यूमेंट्री 'नयनतारा: बियॉन्ड द फेयरी टेल' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स रिलीज कर दी गई. इस डॉक्यूमेंट्री में धनुष की फिल्म 'नानुम राउडी धाम' का गाना इस्तेमाल किया गया है. इस गाने को इस्तेमाल करने के लिए धनुष ने नयनतारा को 10 करोड़ का लीगल नोटिस भेज दिया था.

ऐसा होते ही नयनतारा के फैंस के बीच हंगामा मच गया था. हाल ही में नयनतारा ने अपना बर्थडे भी सेलिब्रेट किया है. इसी बीच नयनतारा का एक वीडियो लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच रहा है. इस वीडियो में नयनतारा दिल्ली के एक होटल में बैठी नजर आ रही हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो नयनतारा ने इस होटल में करीब आधे घंटे का समय बिताया है. बावजूद इसके वहां मौजूद लोग नयनतारा को नहीं पहचान पाए. वायरल हो रहे वीडियो में नयनतारा सफेद रंग की टीशर्ट में नजर आ रही हैं. बताया जा रहा है कि नयनतारा अपने बर्थडे के दिन इस होटल में पहुंची थीं. एक फैन पेज ने नयनतारा का ये वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में नयनतारा काफी खुश नजर आ रही हैं. वीडियो में नयनतारा नॉर्थ इंडियन खाना खाती नजर आ रही हैं. नयनतारा की टेबल पर ढ़ेर सारा खाना साफ देखा जा सकता है. नयनतारा का ये अंदाज देखकर फैंस का दिन बन गया है.

# अर्जुन ने अपनी 'फर्स्ट लव' के लिए कराया टैटू

बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'सिंघम अगेन' की सक्सेस को एंजॉय कर रहे हैं. इस मूवी में अर्जुन ने नेगेटिव रोल निभाया है, जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है. लंबे समय बाद अर्जुन कपूर के किसी किरदार को लोगों ने पसंद किया है. ऐसे में हर कोई उनके इस किरदार की तारीफ कर रहा है. इसी बीच एक्टर अपने एक पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गए हैं. इस पोस्ट में अर्जुन कपूर ने बताया है कि उन्होंने अपनी फर्स्ट लव के लिए टैटू करवाया है. इसके साथ ही एक्टर ने एक इमोशनल नोट भी लिखा है. अर्जुन ने जो तस्वीरें शेयर की है उसमें वह शर्टलेस होकर अपनी पीठ पर टैटू बनवाते नजर आ रहे हैं. हालांकि एक्टर ने यह टैटू एक खास शख्स के लिए डेडिकेट किया है. अब आप अगर ये सोच रहे हैं कि अर्जुन ने ये टैटू अपनी किसी गर्लफ्रेंड या प्रेमिका के लिए बनवाया है तो आप गलत हैं. बल्कि अर्जुन ने ये टैटू अपनी फर्स्ट लव ऑफ लाइफ यानी उनकी मां मोना शौरी कपूर की याद में बनवाया है. उन्होंने टैटू में हिंदी में 'रब राखा' गुदवाया, जो उनकी मां से जुड़ाव रखता है. एक्टर ने कैप्शन में इसके महत्व और इससे जुड़े कनेक्शन के बारे में भी बताया है.



# ग्रे डिवोर्स की तरफ तेजी से बढ़ रहे बॉलीवुड सितारें



आज के समय में शादी और फिर डिवोर्स की खबरें काफी ज्यादा सुनने को मिलती है. इतना ही नहीं, लोग अपनी 20-30 साल पुरानी शादी तक तोड़ रहे हैं. बॉलीवुड सितारें भी इससे पीछे नहीं है. पिछले काफी समय से ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन के ग्रे डिवोर्स की खूब अफवाहें सामने आई. हालांकि कपल की ओर से अभी तक ऐसा कुछ भी नहीं कहा गया है. वहीं, खबर है कि दोनों के बीच सबकुछ ठीक है. लेकिन बॉलीवुड में कई ऐसे कपल है जिन्होंने ग्रे डिवोर्स लिया है. दरअसल, जब शादीशुदा कपल 50 की उम्र के बाद या फिर लंबे समय तक शादी में रहने के बाद तलाक लेते हैं तो उसे ग्रे डिवोर्स कहा जाता है. इसे सिल्वर या डायमंड तलाक के नाम से भी जाना जाता है. इस प्रकार के तलाक पिछले काफी समय से काफी ज्यादा बढ़ा है. अभी कुछ दिन पहले ऑस्कर विजेता संगीतकार ए आर रहमान और उनकी पत्नी सायरा बानो ने अपनी 29 साल की शादी को तोड़ने का फैसला सुनाया. दोनों की तलाक की खबर सुन हर कोई हैरान रह गया.




# मलाइका विदेश में ले रहीं वेकेशन के मजे

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा पिछले कुछ समय से अर्जुन कपूर संग ब्रेकअप रूमर्स को लेकर सुर्खियों में थीं. हालांकि 'सिंघम अगेन' के प्रमोशन के दौरान अर्जुन कपूर ने यह बता दिया था कि उनका ब्रेकअप हो चुका है और अब वह सिंगल हैं. बता दें कि अर्जुन और मलाइका के रिश्ते की शुरुआत साल 2019 में हुई थी. दोनों ने 5 साल तक रिलेशनशिप के बाद ब्रेकअप कर लिया. हालांकि अब एक्ट्रेस अपने पास्ट से मूव ऑन करने की कोशिश कर रही हैं. मलाइका ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें एक्ट्रेस विदेश में छुट्टियां मनाती दिख रही हैं. इस तस्वीर में मलाइका अरोड़ा स्टाइलिश ओवरकोट पहनें दिख रही हैं और इस कोट में वह अपने टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं. इस तस्वीर में मलाइका चेयर बैठकर पोज दे रही हैं. इस तस्वीर में मलाइका क्यूट अंदाज में सेल्फी ले रही हैं. एक्ट्रेस की ये वेकेशन तस्वीरें लोगों को खूब पसंद आ रही हैं. दूसरे एक इस तस्वीर में मलाइका अरोड़ा विंडो से बाहर का नजारा निहारती नजर आ रही हैं. फोटो में मलाइका व्हाइट ड्रेस में प्रिटी लग रही हैं. एक इस तस्वीर में मलाइका समुद्र में बोट चलाती दिख रही हैं. फोटो में एक्ट्रेस क्यूट अंदाज में पोज दे रही हैं. इसमें वह स्टाइलिश अंदाज में पोज दे रही हैं. फोटो में एक्ट्रेस चश्मा लगाकर बिंदास लग रही हैं. तीसरी एक इस तस्वीर में मलाइका दोस्तों के साथ सेल्फी ले रही हैं. फोटो में एक्ट्रेस नाव पर दोस्त संग एंजॉय कर रही हैं. इस तस्वीर में मलाइका अरोड़ा ग्रे कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं और इसके साथ उन्होंने व्हाइट कलर की शर्ट पहनी है, जिसमें वह अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं.

# तृप्ति डिमरी को सुधारनी होगी ये गलती

1 दिसंबर, साल 2023 को रणबीर कपूर की 'एनिमल' आई. पूरी फिल्म की कास्ट एक तरफ और 'भाभी 2' एक तरफ. शायद तृप्ति डिमरी ने भी नहीं सोचा होगा कि ऐसे रातों-रात नेशनल क्रश बन जाएंगी. पहले ही उनके पास फिल्मों की कमी नहीं थी, इसके बाद तो उनकी झोली ही भर गई. लेकिन इस साल तृप्ति डिमरी की तीन फिल्मों को देखकर ऐसा लगा कि, वो परफॉर्मेंस, पैसा और फिल्मों के बीच कहीं फंसकर रह गईं. हंसी खुशी साल बीत ही रहा था कि तृप्ति डिमरी को बड़ा झटका लग गया. दरअसल अनुराग बसु की लव स्टोरी में कार्तिक आर्यन के अपोजिट तृप्ति डिमरी काम करने वाली थीं. पर हाल ही में आई एक रिपोर्ट से पता लगा कि उनका पत्ता कट गया है. यूं तो मेकर्स ने ऐसा कुछ कंफर्म नहीं किया है, पर अगर यह सच है तो अब उन्हें संभलने की जरूरत है.



### 1 साल में तृप्ति डिमरी का मैजिक फेल!

तृप्ति डिमरी ने 'एनिमल' से पहले कई फिल्मों में अच्छा काम किया है. पर संदीप रेड्डी वांगा ने तृप्ति की ब्यूटी और टैलेंट को डिस्कवर किया. लेकिन इसे बरकरार रखने में वो कामयाब नहीं हो पाईं है. हाल ही में उनकी तीन फिल्में आईं. पहली- विकी विद्या का वो वाला वीडियो, दूसरी- बैड न्यूज और तीसरी- भूल भुलैया 3. लेकिन इनमें से पहली दो फिल्में ऑडियंस को कुछ खास इम्प्रेस नहीं कर सकी. खैर, फिल्मों की बात तो छोड़ भी दी जाए, तो तृप्ति डिमरी का फिल्म में बस सिजलिंग लुक और इंटीमेट सीन्स के अलावा कुछ नहीं दिखा.

वहीं बात कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' की करे तो एक्ट्रेस ने अच्छा काम करने की पूरी कोशिश की है. लेकिन इस बार भी इम्प्रेस करने में फेल हो गईं. ऐसा लग रहा है कि एक साल में ही उनका मैजिक खो गया है. लोग भी तृप्ति डिमरी के परफॉर्मेंस को लेकर सवाल उठाते दिखे हैं. यही वजह हो सकती है कि उन्हें बड़े प्रोजेक्ट से रिप्लेस करने की खबर आ गई.



### सुधारनी होगी ये एक बड़ी गलती!

अगर इंडस्ट्री में लंबा टिका रहना है, तो तृप्ति डिमरी को सोच विचार करने की जरूरत है. क्योंकि एक हिट मिलने के बाद बहुत प्रोजेक्ट्स मिलते हैं. अब उन्हें क्या चुनना है और किस पर काम करना है. इसकी प्लानिंग करनी होगी. खासकर अपने रोल्स चुनने को लेकर विचार करना ही पड़ेगा. सिर्फ इंटीमेट सीन्स और जो अब तक कर रही थीं, उससे काम नहीं चलेगा. अब उन्हें अलग चीजें चुननी होंगी. जिस तरह का काम तृप्ति डिमरी ने 'कला' में किया था, अब वैसी फिल्मों की जरूरत है. बेशक उनमें पॉपुलैरिटी, पैसा कम होगा पर लंबे समय तक बन रहने के लिए यही जरूरी है.



# एक्शन से भरपूर होगी सलमान की फिल्म ए6

सलमान खान अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं. लॉरेंस बिश्नोई गैंग के लोग सलमान खान को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं. यही वजह है जो सलमान खान का परिवार उनकी सिक्योरिटी को लेकर काफी गंभीर हैं. वहीं सलमान खान बिग बॉस 18 के साथ साथ अपनी फिल्म सिकंदर की शूटिंग कर रहे हैं. इसी बीच सलमान खान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है. सलमान खान जल्द ही अपने अगले प्रोजेक्ट कर काम शुरू करने वाले हैं. खबर है कि सलमान खान ने एटली कुमार के साथ उनकी अगली फिल्म ए6 के लिए हाथ मिलाया है. एटली कुमार बीते काफी समय से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं. रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस फिल्म में सलमान खान धमाकेदार एक्शन करते नजर आएंगे. एटली कुमार इस समय फिल्म की स्क्रिप्ट कर काम कर रहे हैं. एटली कुमार ए6 में सलमान खान के साथ रजनीकांत या कमल हासन जैसे किसी सितारे को भी कास्ट करने वाले हैं. कहा तो ये भी जा रहा है कि एटली कुमार की ये मेगा बजट फिल्म पुनर्जन्म पर आधारित होगी. इस फिल्म में सलमान खान एक अलग ही अवतार में नजर आने वाले हैं. फिल्म में सलमान खान एक योद्धा के तौर पर नजर आएंगे. इस फिल्म में सलमान खान अतीत और वर्तमान का कनेक्शन जोड़ने वाले हैं.

# आर्यन के बाद छाया लिटिल अबराम

साल 2019 में आई फिल्म 'द लायन किंग' में सिम्बा और मुफासा की कहानी दिखाई गई थी, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था. 'डिज्नी' की इस फिल्म को सबसे बहतरीन एनिमेटिड फिल्मों में से एक माना गया था. इस फिल्म को लोगों को इतना ज्यादा प्यार मिला कि फैंस इसके दूसरे पार्टा का इंतजार कर रहे थे, जो अब पूरा हो गया है. फिल्म के अगले पार्ट 'मुफसा: द लायन किंग' का ट्रेलर सामने आ गया है. जिसके हिंदी ट्रेलर को बॉलीवुड के किंग खान के दोनों बेटों ने अपनी आवाज दी है. फिल्म के ट्रेलर की बात करे तो इसमें एक नई कहानी देखने को मिलेगी, जो ताका और मुफासा के ईर्द-गिर्द होगी. मुफासा को फिल्म में एक अनाथ शावक की तरह दिखाया गया है जिसकी मुलाकात ताका से होगी, बाद में दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो जाएगी. बता दें, साल 2019 में आई फिल्म 'द लायन किंग' में किंग खान के बड़े बेटे आर्यन खान की आवाज सुनने को मिली थी. वहीं अब दूसरे पार्ट में शाहरुख के छोटे बेटे अबराहम ने डेब्यू किया है. फिल्म में मुफासा के किरदार को आवाज किंग खन ने दी है. आर्यन ने सिंबा के किरदार को आवाज दी है तो वहीं अबराम ने मुफासा के छोटे वर्जन की डबिंग की है.

# मेरी जीत गरीबों और प्यारी बहनों का आशीर्वाद है: सुधीर मुनगंटीवार



## भाजपा के देवराव भोंगले बने विधायक

**> कांग्रेस के विधायक धोटे को हराया**

**राजुरा.** वर्तमान विधायक सुभाष धोटे और पूर्व विधायक वामनराव चटप को पराजित करते हुए भाजपा की ओर से पहली बार चुनाव मैदान में उतरे देवराव विठोबा भोंगले ने शानदार जीत हासिल की. उन्होने कांग्रेस के सुभाष धोटे को 3054 वोटों के अंतर से हराया. परिवर्तन महाशक्ति के उम्मीदवार वामनराव चटप तीसरे स्थान पर रहे. विजयी उम्मीदवार भाजपा के देवराव भोंगले को 72882 वोट, कांग्रेस के सुभाष धोटे को 69828 वोट, परिवर्तन महाशक्ति के वामनराव चटप को 55090 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के गजानन जुमनाके को 28529 वोट मिले. इस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 25 फेरियां और मंगी में मशीन काम नहीं करने पर वीवीपेट मशीन के वोटों से गणना क गई. 26 राऊंड गणना हुई. नोटा को 1018 वोट मिले. देवराव भोंगले की जीत के बाद कार्यकर्ताओं ने जल्लोश किया. शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गई.



## चंद्रपुर में किशोर जोरगेवार ने अपनी सीट रखी बरकरार

**> कांग्रेस के प्रवीण पडवेकर दूसरे स्थान पर रहे**

**चंद्रपुर.** चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में मौजूदा विधायक किशोर जोरगेवार एक बार फिर विधायक की सीट हासिल करने में सफल रहे हैं. शुरू से ही बढत हासिल कर कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पडवेकर को हराया. पिछली विधानसभा में उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था और भारी अंतर से जीत हासिल की थी. इस साल के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने उन्हें उम्मीदवार बनाया तो वह 105681 वोट पाकर एक बार फिर विधायक बनने में कामयाब रहे.

चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में, ऐसे संकेत थे कि भाजपा और कांग्रेस दोनों को शुरुआती विद्रोही प्रत्याशियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन जोरगेवार अधिक वोट पाने में कामयाब रहे क्योंकि स्वतंत्र उम्मीदवारों ने वह ताकत नहीं दिखाई जो उन्हें दिखानी चाहिए थी.भले ही निर्दलीय उम्मीदवार ब्रिजभूषण पाझारे को तीसरे नंबर पर वोट मिले, लेकिन जोरगेवार पर इतना असर नहीं हुआ कि वह इस विधानसभा में आसानी से जीत हासिल कर सकें. कांग्रेस के प्रवीण पडवेकर प्रचार की शुरुआत से ही पीछे रह गए और आख़िरकार प्रचार दो दिन के लिए बढ़ा दिया गया. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रचार में उतना सहयोग नहीं किया जितना उन्हें करना चाहिए था, इसलिए कांग्रेस के प्रवीण पडवेकर को 82798 वोट मिलने के बावजूद जीत संभव नहीं हो पाई. जोरगेवार ने प्रवीण पडवेकर को 22804 वोटों से हराया.

### उम्मीदवारों को मिले वोट

> किशोर गजानन जोरगेवार (भारतीय जनता पार्टी) - 105681
> प्रवीण नानाजी पडवेकर (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) - 82798
> मनोज गोपीचंद लाडे (बहुजन समाज पार्टी) - 1851
> नाभा संदीप वाघमारे (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक) - 464
> राजेश भीमराव घुटके (विकास इंडिया पार्टी) - 227
> ज्ञानेश्वर एकनाथ नागरले (रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ए) - 226
> आनंद सुरेश राव इंगले (निर्दलीय)- 235
> प्रकाश उद्धवराव ताकसांडे (निर्दलीय)- 118
> डॉ। प्रकाश शंकर रामटेके (निर्दलीय) - 234
> बृजभूषण महादेव पज़ारे (स्वतंत्र) - 14422
> भनेश राजम मातंगी (निर्दलीय) - 206
> मिलिंद प्रह्लाद दहीवाले (निर्दलीय) - 527
> रतन प्रह्लाद गायकवाड (निर्दलीय) - 724
> राजू चिन्नया जोडे (स्वतंत्र) - 5574
> विनोद कवडू खोबरागड़े (निर्दलीय) - 378
> सुरेश पैकराव मल्हारी (निर्दलीय)- 824
> नोटा – 2255

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**



आज मुझे जनता ने एक बार फिर बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र से चुना है। इस निर्वाचन क्षेत्र में यह मेरी लगातार चौथी जीत है।' जब किसी क्षेत्र की जनता बार-बार आप पर अपना विश्वास जताती है तो वह चुनाव भी जनता का होता है और जीत भी जनता की होती है। इस प्यार के लिए मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों और प्रिय बहनों का सदैव ऋणी रहूंगा, इन शब्दों में राज्य के वन और सांस्कृतिक मामलों तथा जिले के पालक मंत्री और बल्लारपुर निर्वाचन क्षेत्र के विजयी उम्मीदवार सुधीर मुनगंटीवार ने अपना आभार व्यक्त किया.

बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र से सुधीर मुनगंटीवार ने अपनी जीत का श्रेय आम और गरीब लोगों को दिया है. इस जीत का श्रेय लोगों के आशीर्वाद, कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और बल्लारपुर निर्वाचन क्षेत्र में विकास के अभियान को दिया जाता है। बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया.

बल्लारपुर निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में भाजपा-महायुति के उम्मीदवार के रूप में मेरी जीत उन लोगों की जीत है जो भगवान का हिस्सा हैं। इस जीत के मूल में कार्यकर्ता की मेहनत है। यह बल्लारपुर विधानसभा में भाजपा महागंठबंधन के माध्यम से किये गये अभूतपूर्व विकास कार्यों की जीत है. हम इस जीत को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं और भविष्य में बल्लारपुर निर्वाचन क्षेत्र को राज्य में नंबर एक निर्वाचन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुनगंटीवार ने यह भी कहा कि बल्लारपुर निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव भाजपा-महायुति ने विकास के मुद्दे पर लड़ा था। उन्होंने कहा, ''हम विकास कार्यों को लेकर मतदाताओं के सामने गए और उसी मुद्दे पर चुनाव लड़ा। नागरिकों ने मुझे वोट का आशीर्वाद दिया और विकास के पक्ष में वोट किया. हम मतदाताओं के प्यार और विश्वास से कभी समझौता नहीं करेंगे। यदि आप जीतते हैं, तो आप जश्न नहीं मनाना चाहते हम इस क्षेत्र में 'जीतें तो शर्मिंदा नही और हारें तो भी शर्मिंदा न हों' के फार्मूले पर काम कर रहे हैं। बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य ऐसे ही जारी रहेंगे. मैं मतदाताओं द्वारा दिखाए गए विश्वास को कभी कम नहीं होने दूंगा।

## सुधीर मुनगंटीवार लगातार सातवीं बार पहुंचे विधानसभा

**> सात बार चुनाव जीतने वाले विदर्भ के ठहरे एकमात्र विधायक**



**चंद्रपुर.** बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुधीर मुनगंटीवार 25,985 वोटों की बढ़त के साथ निर्वाचित होकर सातवीं बार विधानसभा पहुंचे हैं.

लगातार सातवीं बार विधानसभा के लिए चुने जाने वाले वे विदर्भ से एकमात्र उम्मीदवार बने है. मुनगंटीवार ने 1995 में तत्कालीन चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार चुनाव लड़ा था और वे 55 हजार से अधिक वोट पाकर विदर्भ से सर्वाधिक वोटों से निर्वाचित होने से गौरवान्वित हुए थे. इसके बाद वह 1999, 2004 तक लगातार चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से चुने गए और उन्होंने जीत की हैट्रिक बनाई. निर्वाचन क्षेत्र के पुनर्गठन के बाद, उन्होंने पड़ोसी बल्लारपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा. इस विधानसभा क्षेत्र से भी उन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई. उन्होंने 2009, 2014, 2019 में भारी मतों से चुनाव जीता. 2014 में वह राज्य के वित्त और वन मंत्री के पद पर रहे. जब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में महायुति सरकार बनी तो वह वन, सांस्कृतिक और मत्स्य पालन मंत्री बने. वित्त मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने चंद्रपुर जिले के विकास के लिए अभूतपूर्व निधि आवंटित किया. सैनिक स्कूल, वन अकादमी, बांस अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र, बॉटनिकल गार्डन, मेडिकल कॉलेज, कैंसर अस्पताल, चिंचदोह परियोजना, कोटगल बैराज, पलसगांव आमदी सिंचाई परियोजना, चिंचाला और छह गांवों के लिए पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई सुविधा, मौलज़ारी सिंचाई परियोजना, सड़कें और पुल अधिकांश समय उन्होंने एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय के उप-केंद्र, केम जैसे विकासों की एक बड़ी श्रृंखला बनाई. उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, सिंचाई, आधारभूत संरचना के क्षेत्र में चहुंमुखी विकास किया.

### 'टायगर अभी जिंदा है', 'मैं चुनाव हारा हूं...हिम्मत नहीं !

लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई और चंद्रपुर के लिए भाजपा की सूची में सुधीर मुनगंटीवार का नाम आया। यह उनकी इच्छा के विरुद्ध हुआ. लेकिन फिर भी उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेताओं के आदेश का पालन करते हुए लोकसभा चुनाव लड़ा. पूरी ताकत लगा दी. कांग्रेस की फर्जी कहानी के कारण उनकी हार हुई।' लेकिन वे जिद्दी हैं. हार के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देने के लिए बैठक की. यह कोई मीटिंग नहीं थी...यह एलगार था। 'मैं अकेला हारा हूं...हिम्मत नहीं हारा!' ये उनके शब्द थे. उन्होंने विधानसभा चुनाव में भारी मतों से जीत हासिल कर अपनी बात को बिल्कुल सच कर दिया है. आज उनकी जीत के बाद 'टाइगर अभी जिंदा है..' पर जनता की मुहर लग गई. विधानसभा चुनाव में बल्लारपुर सीट से सुधीर मुनगंटीवार ने 26,047 वोटों से बढ़त बनाकर शानदार जीत हासिल की है. उन्होंने पिछले दस वर्षों में बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र का चेहरा बदल दिया। इसलिए अब यह साबित हो गया है कि जनता ने उन्हें वोट दिया है.' लोकसभा चुनाव में सुधीर मुनगंटीवार की हार के बाद महाविकास आघाड़ी को लगा कि विधानसभा में उन्हें हराना आसान होगा. खासकर जब से चंद्रपुर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में मतदान हुआ, कांग्रेस का आत्मविश्वास बढ़ गया था. लेकिन यह कांग्रेस का अति आत्मविश्वास निकला. और यही उन्हें पसंद आया. बल्लारपुर विधानसभा क्षेत्र में सुधीर मुनगंटीवार के अलावा कोई विकल्प नहीं है, यह एक बार फिर साबित हो गया है। वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहते थे. फिर भी उन्होंने पार्टी के आदेश का खुशी-खुशी पालन किया. हालांकि, कई लोगों को यह गलतफहमी थी कि हार के बाद मुनगंटीवार का उत्साह कम हो गया है, आज के नतीजों ने इसे गलत साबित कर दिया. मुनगंटीवार जनकल्याण का घोषणा पत्र लेकर जनता के सामने गये। वह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की घोषणापत्र समिति के प्रमुख हैं। घोषणापत्र तय करने की प्रक्रिया के केंद्र में एक ऐसा नेता था जो जनता के मन की बात जानता था. इसलिए मतदाताओं का मानना था कि बल्लारपुर से विकास का रथ आगे बढ़ेगा. कहना होगा कि इसका असर चुनाव नतीजों पर देखने को मिला.

## बेरोजगारी से परेशान युवक की खुदकुशी

**> बल्लारपुर के विसापुर की घटना**

**बल्लारपुर.**



पत्नी बेटी को आंगनवाड़ी ले जाने गयी. वह घर पर खाना खा रहा था. हालाँकि, उनके मन में एक अलग विचार था. इसी सोच में उसने छोटी बच्ची के झूले की रस्सी से फांसी लगा ली. घटना शुक्रवार 22 नवम्बर दोपहर 1 बजे बल्लारपुर तहसील के विसापुर में हुई. खुदकुशी करने वाले युवक का नाम पवन दिवाकर थेरे उम्र 28 है. यह विसापुर का निवासी है. बेरोजगारी के कारण आत्महत्या कीए जाने की जानकारी प्राथमिक जांच में मिली है.

विसापुर का दिवाकर वहां ग्राम पंचायत में दैनिक मजदूर के रूप में काम करता है. घर की स्थिति निराशाजनक है. उनके पास चार एकड़ पैतृक कृषि भूमि है. लेकिन खेती से आमदनी मुश्किल से होती है. इसी तरह पवन के पास भी कहीं कोई रोजगार नहीं था. इसके चलते उनकी पत्नी कालेश्वरी और दो छोटी बेटियों का पालन-पोषण करना मुश्किल हो रहा था. इससे पवन को मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ी. शुक्रवार को उसकी मां छाया रोजाना की तरह खेत में खेती के काम से बाहर गयी थी. पिता दिवाकर घर के पीछे किसी काम में व्यस्त थे. पत्नी छाया तीन साल की मनस्वी को आंगनवाड़ी स्कूल छोड़ने गई थी. पवन उस समय घर पर खाना खा रहा था. हालाँकि, उनकी सोच अलग थी. घर में बच्ची की झूले की रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जीवन यात्रा समाप्त करने की घटना से गांव में शोक है. वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है. इकलौते बच्चे की खुदकुशी से आहत मां घर आते ही फूट-फूटकर रोने लगी. उनके परिवार में माता-पिता, पत्नी, दो छोटी बेटियाँ और एक बड़ा परिवार है. विसापुर पुलिस चौकी के जमादार जीवन पाल घटना की आगे की जांच कर रहे हैं.

## वरोरा विधानसभा से बीजेपी के करण देवतले जीते

**> दूसरे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश जीवतोड़े**
**> सांसद प्रतिभा धानोरकर के भाई बुरी तरह हारा**

**चंद्रपुर.**



कांग्रेस सांसद प्रतिभा धानोरकर ने अपने भाई को वरोरा विधान सभा में कांग्रेस का नामांकन दिलाया. लेकिन भाईचारे का प्यार उन्हें महंगा पड़ा और बीजेपी उम्मीदवार के लिए जीत की राह आसान कर दी. दूसरे नंबर पर वोट पाकर निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश जीवतोड़े ने करण देवतले को काटे को टक्कर दी.

वरोरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में, कांग्रेस उम्मीदवार प्रवीण काकड़े को उम्मीद्वारी देने से नाराज निर्दलिय उम्मीद्वार दाखिल की. लेकिन वोटों की गिनती के दौरान बीजेपी के करण देवतले शुरू से ही बढ़त बनाए हुए थे. दूसरे स्थान पर वोट लेकर निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश जीवतोड़े ने विपक्ष की भूमिका निभाई. वोटों की गिनती के बाद बीजेपी प्रत्याशी करण देवतले ने मुकेश जीवतोड़े को 15331 वोटों से हराकर जीत हासिल की. इस विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस मजबूत थी, लेकिन सांसद द्वारा अपने भाई को टिकट दिए जाने के बाद असंतुष्ट उम्मीदवारों ने अपना रास्ता बदल लिया, जिससे कांग्रेस के पिछड़ने की नौबत आ गई.

## हार को दिल से स्वीकार कर, भविष्य में फिर से बड़े जोश के साथ काम करेंगे: सांसद प्रतिभा धानोरकर

**चंद्रपुर.**



सांसद प्रतिभा धानोरकर ने प्रेस नोट के माध्यम से भावना व्यक्त की है कि हार जीत राजनीति का ही हिस्सा हैं और विधानसभा चुनाव में जनता द्वारा दिए गए वोट को हम सहर्ष स्वीकार कर रहे हैं.

राजनीति में अक्सर कुछ गलतियाँ बिना समझे ही हो जाती हैं। हमने भी वो गलतियाँ की हैं. लेकिन हमारा रवैया यह है कि अगर हम जीतते हैं तो हमें कोई घमंड नहीं होगा और अगर हम हारते हैं तो भी हमें शर्म नहीं आएगी और एक सांसद के रूप में आने वाले साढ़े चार वर्षों के दौरान मैं हमेशा जनता और कांग्रेस पार्टी के साथ मजबूती से खड़ी रहूंगी. उन्होंने यह भी कहा कि वह जल्द ही कार्यकर्ताओं के माध्यम से हार की समीक्षा करेंगे और भविष्य में गांव, तालुका और जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने का पूरा प्रयास करेंगे. सांसद प्रतिभा धानोरकर द्वारा प्रकाशित पत्र में कहा गया है कि एक बार फिर मैं अपने मतदाता के प्रति आभार व्यक्त कर रही हूं, सभी निर्वाचित विधायकों को शुभकामनाएं देती हूं जो जनता के बीच से चुने गए हैं और उम्मीद करती हूं कि हमें जाति, धर्म और धर्म से परे जाना चाहिए। जाति और अपने क्षेत्र में विकास की नींव मजबूत करें।

## विधानसभा आम चुनाव के परिणाम घोषित

**> आरमोरी से कांग्रेस के रामदास मलुजी मसराम, गढ़चिरोली से भारतीय जनता पार्टी के डॉ. मिलिंद रामजी नरोटे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के धर्मरावबाबा आत्राम ने अहेरी विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल की...**

**गढ़चिरोली:**





गढ़चिरोली जिले के आरमोरी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रामदास मालुजी मसराम, गढ़चिरौली विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के डॉ. मिलिंद रामजी नरोटे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के धर्मरावबाबा आत्राम ने विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल की है। उनसे संबंधित निर्वाचन निर्णय अधिकारी श्रीमती मानसी, श्री. राहुल मीना एवं श्री कुशल जैन ने प्रमाण पत्र दिया।

गढ़चिरौली जिले में 67-आरमोरी निर्वाचन क्षेत्र से 8, 68-गढ़चिरौली से 9 और 69-अहेरी से 12 उम्मीदवार मैदान में थे। 20 नवंबर को हुए विधानसभा आम चुनाव के लिए वोटों की गिनती आज हो गई है और नतीजे घोषित कर दिए गए हैं. इसके मुताबिक उम्मीदवारों को मिले कुल वोट इस प्रकार हैं.

आरमोरी विधानसभा क्षेत्र: रामदास मलुजी मसराम- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (98509), कृष्णा दामाजी गजबे- भारतीय जनता पार्टी (92299), आनंदराव गंगाराम गेदाम-स्वतंत्र (1954), डॉ. शीलू चिमुरकर पेंदाम - निर्दलीय (854), मोहनदास गणपत पुरम - वंचित बहुजन अघाड़ी (1808), चेतन नेवशा काटेंगे - आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) (1927), अनिल तुलाराम केरामी - बहुजन समाज पार्टी (3438), खेमराज वातुजी नेवारे - स्वतंत्र (745), नोटा-1762।

गढ़चिरौली विधानसभा क्षेत्र: डॉ. मिलिंद रामजी नरोटे - भारतीय जनता पार्टी (116540), मनोहर तुलसीराम पोरेटी - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (101035), संजय सुभाष कुमरे - बहुजन समाज पार्टी (3241), जयश्री विजय वेलदा - पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया (3362), भरत मंगरूजी येरमे - वंचित बहुजन अघाड़ी (1852), योगेश बाजीराव कुमरे- गोंडवाना रिपब्लिक पार्टी (480), दिवाकर गुलाब पेंदाम-निर्दलीय (673), बालकृष्ण वांगानुजी सावसाकडे-निर्दलीय (768), डॉ. सोनल चेतन कोवे-निर्दलीय (1552), नोटा-2817।

अहेरी विधानसभा क्षेत्र: आत्राम धर्मराव बाबा भगवंतराव - राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (54206), राजे अंबरीशराव राजे सत्यवानराव अत्राम - निर्दलीय (37392), अत्राम भाग्यश्री धर्म राव बाबा - राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) (35765), हनमंतु गंगाराम मडावी - स्वतंत्र (27188), रमेश वेल्ला गावड़े-बहुजन समाज पार्टी (2674), संदीप मारोती कोरेट-महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (2993), नीता पेंटाजी तलांडी-प्रहार जनशक्ति पार्टी (1214), अत्रम दीपक मल्लाजी-निर्दलीय (6606), कुमारम महेश जयराम-निर्दलीय (1112), गेदाम शैलेश बिच्छू-स्वतंत्र (1339), नितिन कविश्वर पद-निर्दलीय (5648), लेखामी भाग्यश्री मनोहर-निर्दलीय(3902),नोटा-5825।



राष्ट्रवादी अजीत पवार समूह के धर्मराव बाबा आत्राम ने गढ़चिरौली जिले के अहेरी निर्वाचन क्षेत्र पर अपना दबदबा बनाने में सफलता हासिल की, जो निर्दलीय उम्मीदवार राजे अंबरीश अत्राम को अठारह हजार से अधिक वोटों से हरा दिया जबकी गढ़चिरौली में भाजपा के डॉ. मिलिंद नरोटे ने कांग्रेस के मनोहर पोरेटी को हराया. बीजेपी चौदह हजार से ज्यादा वोटों से हराकर लगातार तीसरी बार यह सीट बरकरार रखने में कामयाब रही.. जबकि आरमोरी में कांग्रेस के रामदास मसराम ने लगातार दो बार विधायक रहे बीजेपी प्रत्याशी कृष्णा गजबे को छः हजार ज्यादा वोटों से हराया. विशेष बात यह है कि मिलिंद नरोटे और रामदास मसराम पहली बार चुनावी मैदान में उतरे थे...

## ब्रम्हपुरी विधानसभा क्षेत्र में विजय वडेट्टीवार का वर्चस्व कायम

**> बीजेपी के कृष्णलाल सहारे हारे**

**चंद्रपुर.**



पूरे महाराष्ट्र का ध्यान अपनी ओर खींचने वाले ब्रह्मपुरी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के विजय वडेट्टीवार ने एक बार फिर जीत हासिल की है. विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार के चुनाव पर पूरे राज्य की नजर थी. ऐसा देखा जा रहा है कि इस विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने तीसरी बार 112377 वोट हासिल कर अपनी जीत का जादू बरकरार रखा है.

ब्रम्हपुरी विधानसभा क्षेत्र में कुनबी समाज की बैठक में कांग्रेस सांसद प्रतिभा धानोरकर द्वारा दिए गए बयान से शुरू में उम्मीद थी कि वडेट्टीवार को हार का सामना करना पड़ेगा, लेकिन उन्होंने समय रहते लड़ाई जीतकर अपना गढ़ बरकरार रखा है। ऐसा देखा जा रहा है कि विजय वडेट्टीवार जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में से एकमात्र कांग्रेस सीट हासिल करने में सफल रहे हैं। अभियान के दौरान कई घटनाक्रमों से ऐसा लग रहा था कि वडेट्टीवार को हार का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन वोटों की गिनती के दौरान विजय वडेट्टीवार ने अपनी बढ़त बरकरार रखी और कृष्णा सहारे को 14088 वोटों से हराकर जीत हासिल की. ऐसा लग रहा है कि उन्होंने मोदी लहर और इस बार की लहर में भी जीत हासिल कर अपना जादू बरकरार रखा है.

>विजय नामदेवराव वडेट्टीवार (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) -112377
>कृष्णलाल बाजीराव सहारे (भारतीय जनता पार्टी)-98289
>केवलराम वासुदेव पारधी (बहुजन समाज पार्टी)- 1775
>चक्रधर पुनीराम मेश्राम (जन जनवादी पार्टी) - 878
>प्रशांत चरणदास डांगे (रिपब्लिकन पार्टी खोरिपा) - 283
>नारायण दिन्बा जम्भुले (स्वाभिमानी पार्टी) - 144
>गोपाल सोनबा मेंढे (बहुजन रिपब्लिक सोशलिस्ट पार्टी) - 153
>रमेश सीताराम समर्थ (रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया)- 87
>डॉ. राहुल कालिदास मेश्राम (वंचित बहुजन गठबंधन)- 3962
>सुधीर महादेव टोंगे (राष्ट्रीय समाज पार्टी) - 266
>गुरुदेव दोपाजी भोपये (स्वतंत्र) - 219
>रमेश आनंदराव मडावी (निर्दलीय) - 527
>सुधाकर मधुकर श्रीरामे (निर्दलीय) – 345
>नोटा - 1013

# यशस्वी जायसवाल ने रिकॉर्ड तोड़ा




**पर्थ.** वक्त बदला, हालात बदल गया, और ऑस्ट्रेलियन टीम के जज्बात भी बदल गए हैं...हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि पर्थ टेस्ट के पहले दिन (22 नवंबर) जहां लग रहा था कि बल्लेबाजी करना बेहद मुश्कलि है. वहीं दूसरे दिन (23 नवंबर) को भारत की दूसरी पारी में ओपनर्स यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने ऐसा रंग जमाया कि लगा ही नहीं कि यह वही पचि है, जहां भारतीय टीम 150 रनों पर लुढ़क गई थी.

दनि का जब खेल खत्म हुआ तो यशस्वी जायसवाल शतक (90 नॉट आउट) के करीब थे. वहीं केएल राहुल (62 नॉट आउट) भी रंग जमा चुके थे. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हुआ. मैच के दूसरे दनि 23 नवंबर स्टम्प के समय भारतीय टीम का स्कोर 172/0 है. कुल बढ़त 218 रनों की हो चुकी है.

भारत ने अपनी दूसरी पारी में शानदार खेल दखिाया. यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने दूसरी पारी के दौरान 20 साल बाद एक अनोखा इतहिास भी अपने नाम कयिा. दरअसल, राहुल और यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैचों में शतकीय साझेदारी की. इससे पहले साल 2004 में आकाश चोपड़ा और वीरेंद्र सहवाग ने पहले विकेट के लिए 123 रनों की पार्टनरशपि की थी.

वहीं दूसरे दिन पिच का मिजाज बदला-बदला दिखा. दूसरे दिन के खेल में केवल सिर्फ 3 विकेट गिरे. जो सभी ऑस्ट्रेलयिा के थे. पिच के बदलते मिजाज से पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान भी हैरान दखिे. पचि के बदले हुए मजिाज पर तो इरफान पठान ने तंज भी कसा और एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया.

इरफान ने की पिच की फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'इतनी जल्दी तो मेरी पत्नी का मूड भी चेंज नहीं होता जितनी जल्दी ये पिच बदली है.'

पूर्व ऑस्ट्रेलयिा की दूसरी पारी 104 रनों पर समाप्त हुई. जिससे भारत को 46 रनों की बढ़त मिल गई. कुल मिलाकर पर्थ का ऑप्टस स्टेडियम तेज गेंदबाजों के लिए पहले दो दिन स्वर्ग साबित हुआ, क्योंकि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में यहां गिरे सभी 20 विकेट तेज गेंदबाजों को मिले. लेकिन जब भारतीय ओपनर्स ने दूसरे दिन बल्लेबाजी की तो ऐसा लगा ही नहीं कि पचि का मजिाज वही है, जो पहले दिन था.

## रवि शास्त्री ने चुने टॉप तीन ऑल टाइम ग्रेटेस्ट स्पिनर

**नई दिल्ली.** भारत के पूर्व क्रिकेटर और वर्तमान में कमेंट्री की भूमिका निभाने वाले रवि शास्त्रीने भारतीय क्रिकेट के टॉप तीन महान स्पिनरो का चुनाव किया है. रवि शास्त्री ने फॉक्स क्रिकेट के साथ बात करते हुए तीन महान भारतीय स्पिनरों का चुनाव किया है. पूर्व भारतीय दिग्गज ने पहले नंबर पर बिशन सिंह बेदी को जगह दी है. पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा कि, मैं बिशन सिंह बेदी को भारतीय क्रिकेट का सबसे महान स्पिनर मानता हूं.

# ठीक हुआ नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी का स्टेज 4 का कैंसर

**नई दिल्ली.** पूर्व क्रिकेटर और राजनेता नवजोत सिंह सिद्धू ने कैंसर के इलाज को लेकर एक चौंकाने वाला दावा किया है. सिद्धू ने खुलासा किया कि उनकी पत्नी नवजोत कौर ने एक संतुलित आहार और जीवनशैली में बदलाव कर केवल 40 दिनों के भीतर स्टेज-4 कैंसर पर काबू पा लिया. सिद्धू ने दावा किया कि पत्नी के कैंसर के इलाज में उन्हें कुछ भी खर्च नहीं करना पड़ा. सिद्धू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनके आहार में हल्दी, नीम का पानी, सेब साइडर सिरका, नींबू पानी, चुकंदर, गाजर और पेठे के जूस को शामिल किया गया. चीनी और कार्बोहाइड्रेट से सख्त परहेज किया गया.

नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि पत्नी की बीच-बीच में उपवास करने की आदत काम आई,

जिसमें उनका आखिरी भोजन शाम 6.30 बजे और पहला भोजन सुबह 10.30 बजे होता था. दिन के खाने की शुरुआत नींबू पानी से होती थी. सिद्धू ने इस आहार से खुद को हुए फायदों का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि इसी आहार से उन्होंने 25 किलो वजन कम किया और अपने फैटी लीवर को ठीक किया. सिंद्धू ने कहा कि जो आहार कैंसर के इलाज में लाभकारी है, वहीं आहार फैटी लीवर को भी ठीक करता है.

ऑन्कोलॉजी के अध्यक्ष डॉ पुनीत गुप्ता के हवाले से लिखा, "कैंसर को केवल आहार से ठीक नहीं किया जा सकता है.

# इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की आपातकालीन बैठक

**नई दिल्ली.**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 26 नवम्बर को अपनी बोर्ड की आपात बैठक बुलाई है, जिसमें 2025 चैंपियंस ट्रॉफ़ी पर चर्चा की जाएगी। ईएसपीएन क्रिकइंफो को यह जानकारी मिली है कि बैठक का एकमात्र एजेंडा यह है कि क्या टूर्नामेंट के लिए हाइब्रिड मॉडल अपनाया जाए, जिसमें पाकिस्तान और किसी अन्य देश में इसे आयोजित किया जाए।

टूर्नामेंट की संभावित शुरुआत से 100 दिन से भी कम समय बचा है। मेज़बान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इसे 19 फ़रवरी से 9 मार्च तक आयोजित करने के लिए निर्धारित किया है। हालांकि आईसीसी ने अभी तक शेड्यूल जारी नहीं किया है। लेकिन इस पर अभी इससे भी ज़्यादा बड़ा रोड़ा अटका हुआ है।

बीसीसीआई ने आईसीसी को सूचित किया है कि भारतीय सरकार ने रोहित शर्मा की टीम को पाकिस्तान यात्रा करने की अनुमति नहीं दी है। पाकिस्तान को नवंबर 2021 में इस आठ-टीम के वनडे टूर्नामेंट की मेज़बानी के अधिकार दिए गए थे और वह तीन वेन्यूज–लाहौर, कराची और रावलपिंडी में पूरे टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए अडिग है।

पाकिस्तान में इस सप्ताह मीडिया से बात करते हुए पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नक़वी ने कहा था कि उन्हें चैंपियंस ट्रॉफ़ी पाकिस्तान में आयोजित होने के बारे में "सकारात्मक अपेक्षाएं" हैं। नक़वी पाकिस्तान सरकार के गृह मंत्रालय के प्रमुख भी हैं, उन्होंने कहा कि वह बीसीसीआई से इस गतिरोध को तोड़ने के लिए संवाद करने के लिए तैयार हैं। पीसीबी आईसीसी से इस बात का जवाब पाने का इंतज़ार कर रहा है कि भारत को पाकिस्तान यात्रा करने की अनुमति क्यों नहीं दी जा सकती।"

यह लगातार दूसरा वर्ष है जब पाकिस्तान को भारत की वजह से टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित करने के प्रश्न से जूझना पड़ा है। पिछले वर्ष एशिया कप के लिए भी भारत ने पाकिस्तान जाने से मना कर दिया था, जिसके चलते टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर पाकिस्तान और श्रीलंका में आयोजित करना पड़ा था।

इसके ठीक बाद पाकिस्तान को वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत की यात्रा करनी पड़ी थी, पीसीबी ने हाल ही में कहा था कि उसने यह फ़ैसला इसलिए किया था ताकि इसके चलते उसे चैंपियंस ट्रॉफ़ी केवल पाकिस्तान में ही आयोजित किए जाने का ठोस आधार मिलेगा। इसी सप्ताह की शुरुआत में भारत को टी20 ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप से अपना नाम

# जयपुर पिंक पैंथर्स को बड़े अंतर से दबंग दिल्ली केसी ने हराया




**नोएडा.**

दबंग दिल्ली केसी ने अपने हरफनमौला खेल के दम पर नोएडा इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 70वें मैच में जयपुर पिंक पैंथर्स को 35-21 के अंतर से हराकर अंक तालिका में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। दिल्ली को 13 मैचों में छठी जीत मिली है। खास बात यह है कि दिल्ली की टीम छह मैचों से अजेय है।

दिल्ली को तालिका में चार स्थान की छलांग दिलाने में आशू मलिक (9) के अलावा डिफेंस से योगेश दहिया (5) का योगदान रहा। नवीन और आशीष मलिक ने भी 4-4 अंक बटोरे। दिल्ली के डिफेंस ने 6 के मुकाबले 13 अंक लेते हुए दो बार जयपुर को आलआउट किया। जयपुर के लिए अर्जुन देसवाल (7) ही कुछ चमक दिखा सके।

तीसरे मिनट में ही मैच का पहला डू ओर डाई रेड आ गया। आशू आए लेकिन सुरजीत ने उन्हें लपक स्कोर 3-1 कर दिया। योगेश ने हालांकि अगली रेड पर देसवाल का शिकार कर हिसाब बराबर किया। फिर नवीन ने अगली डू ओर डाई रेड पर अंकुश को बाहर कर स्कोर 3-3 कर दिया।

इसके बाद जयपुर ने दो अंक के साथ 6-4 की लीड ले ली। दिल्ली के लिए सुपर टैकल आन था। रिवाइव होकर आए देसवाल की रेड पर एक डिफेंडर सेल्फ आउट हुआ लेकिन आशीष ने एक खिलाड़ी को रिवाइव करा लिया। 10 मिनट बाद जयपुर 7-5 से आगे थे। इसके बाद योगेश ने नीरज को सुपर टैकल कर स्कोर 7-7 कर दिया।

फिर आशू ने डू ओर डाई रेड पर अभिजीत का शिकार किया और इसी तरह की रेड पर डिफेंस ने देसवाल को लपक दिल्ली को 9-7 की लीड दिला दी। अब जयपुर के लिए सुपर टैकल आन था। आशू एक बार फिर डू ओर डाई रेड पर आए और लकी को शिकार बना लिया।

इसके बाद दिल्ली ने जयपुर को आलआउट कर 14-8 की लीड ले ली। आलइन के बाद दिल्ली ने तीन अंक लेकर फासला दोगुने से अधिक कर लिया। दिल्ली ने 17-9 के स्कोर के साथ पाला बदला। इसके बाद

# यूपी योद्धाज ने तमिल थलाइवाज को 40-24 से हराया

## तालिका में एक स्थान की छलांग लगाई

**नोएडा.** मेजबान यूपी योद्धाज ने नोएडा इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 69वें मैच में तमिल थलाइवाज को 40-24 के स्कोर से हराकर अंक तालिका में एक स्थान की छलांग लगा ली है। यूपी को 11 मैचों में पांचवीं जीत मिली जबकि थलाइवाज को 12 मैचों मे सातवीं हार मिली।




यूपी की जीत में भवानी राजपूत (10) के अलावा डिफेंस से हितेश (6) ने कमाल किया जबकि थलाइवाज के लिए डिफेंस से नितेश ने 6 अंक बटोरे। थलाइवाज के लिए रेड में विशाल चहल (6) ही सबसे अधिक अंक ले सके। पहले 10 मिनट में थलाइवाज के पास 9-7 की लीड थी। वैसे यूपी ने 3-1 की लीड से शुरुआत की थी लेकिन थलाइवाज ने जल्द ही 4-4 से हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद खेल 6-6 की बराबरी पर आया लेकिन फिर 1 के मुकाबले लगातार तीन अंक लेकर थलाइवाज ने फासला 3 का कर दिया। ब्रेक के बाद यूपी ने लगातार दो अंक लेकर स्कोर 8-9 किया और फिर स्कोर बराबर भी कर लिया। नितेश शानदार खेल रहे थे। डू ओर डाई रेड पर केशव को लपक उन्होंने चौथा शिकार किया। यूपी के डिफेंस ने हालांकि सचिन का शिकार कर हिसाब बराबर कर लिया।इसके बाद डू ओर डाई रेड पर दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले। 16वें मिनट में स्कोर 11-11 से बराबरी पर था। खेल डू ओर डाई रेड पर चल रहा था। 12-11 के स्कोर पर सचिन को लपक यूपी ने स्कोर फिर बराबर कर दिया लेकिन इसी तरह की रेड पर भरत का शिकार कर थलाइवाज ने लीड ले ली।नितेश ने हाई-5 पूरा किया। बहरहाल, दोनों टीमों ने 13-13 के स्कोर पर पाला बदला। हाफटाइम के बाद केशव ने बस्तामी और अभिषेक को बाहर कर यूपी को 15-13 से आगे कर दिया। फिर डिफेंस ने नरेंदर का शिकार कर थलाइवाज को आलआउट की ओर धकेल दिया, जिसे अंजाम तक पहुंचाकर यूपी ने 20-14 की लीड ले ली। आलइन के बाद लगातार दो अंक लेकर थलाइवाज ने वापसी की राह पकड़ी लेकिन यूपी ने लगातार पांच अंक के साथ स्कोर 26-17 कर लिया। अब थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन था। फिर विशाल को लपक यूपी ने थलाइवाज को आलआउट की ओर धकेला। 30 मिनट के बाद स्कोर 27-17 से यूपी के हक में था। ब्रेक के बाद भवानी ने थलाइवाज को दूसरी बार आलआउट कर 31-17 की लीड ले ली। आलइन के बाद हालांकि थलाइवाज ने 1 के मुकाबले 4 अंक ले वापसी के संकेत दिए। थलाइवाज के रेडर्स नहीं चल रहे थे। फासला बढ़ता जा रहा था और समय घटता जा रहा था।

# टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मनाएंगे जश्न

**नई दिल्ली.**

टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 11 से 15 मार्च 2027 के बीच एक टेस्ट मैच खेला जाएगा। आईपीएल ने गुरुवार को सभी फ्रेंचाइजी को ईमेल के जरिए अगले तीन सीज़न (2025-27) के लिए टूर्नामेंट की विंडो और हर साल विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता के बारे में जानकारी देते हुए इन तारीख़ों




का जिक्र किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस अगस्त में इस मैच की घोषणा की थी, जो 1877 के शताब्दी टेस्ट की पुनरावृत्ति होगी। उस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 45 रनों से जीत दर्ज की थी, जो 1877 में खेले गए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत के अंतर के समान था। यह टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा, जिसने 1877 और 1977 के अन्य ऐतिहासिक टेस्ट की मेज़बानी भी की थी।

2027 का यह टेस्ट आईपीएल सीज़न की शुरुआत के साथ टकराएगा, जिसकी विंडो उस साल 14 मार्च से 30 मई के बीच निर्धारित है। आईपीएल ने सभी फ्रेंचाइजी को भेजे ईमेल में कहा कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाड़ी एकमात्र टेस्ट मैच के बाद अपनी-अपनी टीमों से जुड़ेंगे।

# रौंला गैरो के बादशाह की हार से भावुक विदाई




**नई दिल्ली.** स्पेन के स्टार खिलाड़ी राफेल नडाल का जलवा अब कभी टेनिस कोर्ट पर नहीं दिखेगा। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी, 22 ग्रैंड स्लेम विजेता और रौंला गैरो के बेताज बादशाह नडाल ने नीदरलैंड्स के खिलाफ डेविस कप में अपना आखिरी मुकाबला खेला। बेस्ट ऑफ थ्री क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड्स ने स्पेन को 2-1 से मात दी और सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पेन की हार के साथ ही नडाल के 23 साल लंबे प्रोफेशनल करियर का भी समापन हो गया। 38 वर्षीय नडाल ने 2001 में 14 साल की उम्र में सीनियर स्तर पर पहला प्रोफेशनल मैच खेला था। नडाल ने पिछले महीने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा था कि डेविस कप उनके करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। नडाल का सपना था कि वह स्पेन को डेविस कप चैंपियन बनाने के साथ यादगार विदाई लें, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। स्पेन ने आखिरी बार 2019 में डेविड कप जीता था। नडाल क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड्स के बेटिक वेन डी जैंडस्चुल्प के खिलाफ एकल मुकाबले खेलने उतरे लेकिन उन्हें 4-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। नडाल डेविस कप करियर में सिर्फ दूसरी बार हारे। वह पहली बार 2004 में चेक गणराज्य के गिरी नोवाक से हारे थे।

**युगल मैच ने तोड़ी उम्मीदें**

हालांकि दूसरे एकल में कार्लोस अल्कारेज ने तालौन ग्रिस्कपोर को 7-6, 6-3 से हराकर स्पेन की उम्मीदों को जिंदा रखा। अब सभी की नजरें युगल मैच में थी। इस तीसरे और निर्णायक मैच में अल्कारेज और मार्सेल ग्रेनोलर्स की जोड़ी को वान डी जैंड्सचुल्प और वेस्ले कूलहोम के खिलाफ 6-7, 6-7 से हार झेलनी पड़ी और इसके साथ ही स्पेन और नडाल का अभियान भी थम गया। नडाल के करियर में फ्रेंच ओपन की लाल सतह ने अहम भूमिका निभाई।

# सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में पहुंचे

## -लक्ष्य चाइना मास्टर्स में एंटोनसेन से हारे

**नई दिल्ली.** शुक्रवार को दक्षिणी चीन के गुआंग्डोंग प्रांत के शेनझेन में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर चाइना मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान चिराग शेट्टी (बाएं) और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन के खिलाफ खेलते हैं।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए डेनमार्क के दूसरे वरीय किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन को हराकर एक ठोस प्रदर्शन किया। अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे हैं पेरिस ओलंपिकपिछले संस्करण में फाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग ने वर्ल्ड नंबर 2 जोड़ी पर 47 मिनट में 21-16, 21-19 से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेताओं का अंतिम चार मुकाबलों में या तो आठवीं वरीयता प्राप्त जापानी ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी या कोरिया के जिन योंग और सियो सेउंग जे से मुकाबला होगा।

पुरुष एकल में, लक्ष्य सेन को क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क के तीसरी वरीयता प्राप्त एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ 53 मिनट में 18-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा और प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

शुरुआती गेम में, सात्विक और चिराग अच्छी लय में दिख रहे थे क्योंकि ब्रेक के समय वे 11-8 से आगे थे, जिसे उन्होंने तेजी से बढ़ते कोणीय रिटर्न के साथ 16-10 तक बढ़ा दिया, जो रैलियों पर हावी था। सात्विक और चिराग ने रैलियों पर



मजबूत पकड़ बनाए रखते हुए छह गेम प्वाइंट हासिल किए। रासमुसेन के एक बड़े स्मैश और चिराग की एक नेट त्रुटि ने अपरिहार्य में देरी की, इससे पहले कि पूर्व ने भारतीयों को शुरुआती गेम सौंपने के लिए एक वाइड स्प्रे किया।

हालाँकि, एस्ट्रुप ने फिर से नेट में घुसकर भारतीयों को 19-18 की बढ़त दिला दी। बैकलाइन पर चिराग के एक अच्छी तरह से लगाए गए धक्का ने उन्हें एक अंक दूर कर दिया और सात्विक ने स्मैश के साथ इसे बंद कर दिया। "पिछले दो मैचों से हमने अपनी लय वापस पा ली है। चीनी ताइपे (अंतिम मैच) के खिलाफ, यह मुश्किल था. हमें अपनी लय नहीं मिल पाई, लेकिन धीरे-धीरे और लगातार हमने अपनी लय वापस पा ली। लगभग तीन महीने हो गए हैं। ओलिंपिक के बाद बहुत सारे उतार-चढ़ाव आए। हमारे कोच ने भी हमें छोड़ दिया, और मानसिक और शारीरिक रूप से यह कठिन था। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो जिस तरह से हम अभी खेल रहे हैं, वह बहुत आरामदायक, शांत है, कोई दबाव नहीं है और हमारी मानसिकता बहुत स्पष्ट है, "सात्विक ने कहा।

**सात्विक की तीन महीने बाद हुई थी कोर्ट पर वापसी**

आज, हम अपने स्तर पर थे,"चिराग ने कहा।"हम जानते थे कि परिस्थितियाँ काफी धीमी थीं, इसलिए हमने बहुत अधिक आक्रमण करने या पूरी ताकत से हमला करने के लिए खुद पर दबाव नहीं डाला क्योंकि हम जानते थे कि एंडर्स और एस्प्रुत के पास वास्तव में मजबूत रक्षा है। हमने शांति बनाए रखी और किसी भी चीज़ में जल्दबाजी नहीं की। हम जानते थे कि रैलियाँ लंबी होंगी और अंततः शटल नीचे चली जाएगी।" सात्विक लगभग तीन महीने बाद कोर्ट पर लौटकर खुश थे।

# क्या आम आदमी पार्टी के बड़े नेताओं में है फूट?

### > आतिशी के गायब होने पर बीजेपी ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली.**

भाजपा ने दिल्ली की मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी की बड़ी नेता आतिशी मर्लेना के पार्टी के चुनावी कैंपेन कार्यक्रम से गायब रहने पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने कहा है कि आम आदमी पार्टी को बताना चाहिए कि दिल्ली का मुख्यमंत्री ऐसे कार्यक्रम से गायब क्यों था जो उस पार्टी का सबसे बड़ा चुनावी कार्यक्रम कहा जा रहा है। यह सवाल इसलिए भी महत्त्वपूर्ण हो गया है क्योंकि आतिशी मर्लेना ने अभी भी उस मुख्यमंत्री आवास में शिफ्ट नहीं हुई हैं जिसे अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद छोड़ा था।

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनावों को लेकर आज अपना कैंपेन शुरू कर दिया। पार्टी ने सबसे पहले रेवड़ी पर चर्चा कार्यक्रम के जरिए अपनी योजनाओं का प्रचार लोगों तक करने का निर्णय किया है। लेकिन पार्टी के इस कार्यक्रम से वही चेहरा गायब रहा जो तकनीकी तौर पर इस समय पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को बताना चाहिए कि जब इस कार्यक्रम में उनके तमाम बड़े नेता मौजूद थे तो आतिशी मर्लेना गायब क्यों थीं।

दरअसल, आम आदमी पार्टी के कई नेता इस समय पार्टी छोड़कर दूसरे दलों में जा चुके हैं। कैलाश गहलोत और राजकुमार आनंद जैसे नेताओं ने पार्टी छोड़ते समय अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार करने के आरोप तक लगाए थे। इससे यही संकेत गया था कि आम आदमी पार्टी के अंदर सब कुछ ठीक ठाक नहीं है, दूसरे नेता अरविंद केजरीवाल से सहमत नहीं हैं। कैलाश गहलोत ने तो यहां तक दावा किया था कि इस समय भी पार्टी के अंदर कई बड़े नेता अरविंद केजरीवाल से संतुष्ट नहीं हैं, लेकिन समय आने पर वे भी पार्टी से बगावत कर सकते हैं।

#### कई बड़े नेता अरविंद केजरीवाल से संतुष्ट नहीं हैं: गहलोत

दिल्ली के राजनीतिक गलियारे में यह चर्चा चली कि केजरीवाल और आतिशी मर्लेना सरकार में वरिष्ठ मंत्री सौरभ भारद्वाज अरविंद केजरीवाल से नाराज हैं और वे भी कैलाश गहलोत की तरह पार्टी छोड़ सकते हैं। जैसे ही यह बात सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी, आम आदमी पार्टी तुरंत सक्रिय हो गई। सौरभ भारद्वाज ने रात 12:29 मिनट पर अपनी और अरविंद केजरीवाल की एक तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा कर यह इशारा कर दिया कि वे अरविंद केजरीवाल को छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं।

# हमें काम करने में मदद मिलेगी: ममता



**नई दिल्ली.**

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ पश्चिम बंगाल, पंजाब, उत्तर प्रदेश समेत 13 राज्यों में उपचुनाव के नतीजे भी जारी हुए। पश्चिम बंगाल की छह सीटों पर हुए उपचुनाव में टीएमसी ने तीन सीटों पर जीत दर्ज की है। इसी के साथ अन्य तीन सीटों पर भी बढ़त बनाए हुए है। उपचुनाव में जीत हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को राज्य के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उपचुनाव के नतीजों से उन्हें लोगों के लिए काम करने में मदद मिलेगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने कहा, "मैं तहे दिल से मां माटी मानुष को धन्यवाद और बधाई देना चाहती हूं। आपका आशीर्वाद हमें आने वाले दिनों में लोगों के लिए काम करने में मदद करेगा। मनुष्य ही हमारा भरोसा है। हम सभी सामान्य लोग हैं और यही हमारी पहचान है। हम जमीनदार नहीं, बल्कि लोगों के संरक्षक हैं। आप अपना आशीर्वाद हम पर ऐसे ही बनाए रखे। जय बांग्ला। चुनाव आयोग के अनुसार, टीएमसी पहले ही नैहाटी, सीताई, हरोआ और मदारीहाट सीटें जीत चुकी है और तालडांगरा और मेदिनीपुर में बड़े अंतर से आगे चल रही है। बता दें कि पिछले चुनाव में पांच सीटों पर तृणमूल कांग्रेस और एक सीट पर भाजपा का उम्मीदवार जीता था।

## पेट्रोलिंग के दौरान सिपाही की हत्या



**नई दिल्ली.**

गोविंदपुरी इलाके में गोविंदपुरी थाने में तैनात दिल्ली पुलिस के जवान की पेट्रोलिंग के दौरान चाकू से गोदकर की हत्या कर दा गआ। मृतक की सिपाही की पहचान किरण पाल के रूप में हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, किरणपाल शनिवार तड़के गोविंदपुरी की गली नंबर -13 में पड़े मिलें। उनके पेट व छाती पर चाकू मारने के निशान थे। दिल्ली पुलिस के सिपाही की हत्या से दिल्ली पुलिस में हड़कंप मच गया है और सीनियर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। सिपाही वर्दी में था और सरकारी मोटरसाइकिल भी पास में पड़ी मिली है। दिल्ली में वर्दी में सिपाही की हत्या का इस तरह का मामला पहली बार सामने आया है।

# 3 से ओडिशा दौरे पर रहेंगी राष्ट्रपति

### > कार्यक्रम को लेकर तैयारी हुई शुरू



**भुवनेश्वर.**

देश में चुनावी परिणाम से अलग देश की खबरों मे देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के तीन दिसंबर से ओडिशा के पांच दिवसीय दौरे पर रहने वाली है। राष्ट्रपति के आने के मद्देनजर राज्य सरकार ने उनकी यात्रा के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसे लेकर ओडिशा के मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने बीते दिन शुक्रवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) वाई.बी. खुरानिया, विकास आयुक्त अनु गर्ग, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) सत्यव्रत साहू के साथ मुर्मू की यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की थी इसमें तैयारियों को लेकर चर्चा हो चुकी है। ओडिशा में राष्ट्रपति मुर्मू के आगमन को लेकर शेड्यूल तय कर दिया गया है यहां पर एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य के गृह विभाग द्वारा संचालित एक नियंत्रण कक्ष राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान सभी गतिविधियों का समन्वय करेगा। राष्ट्रपति के यात्रा कार्यक्रम के अनुसार, मुर्मू तीन दिसंबर को वायु सेना के एक विशेष विमान से भुवनेश्वर पहुंचेंगी और शाम को यहां नीलाद्रि विहार में पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा का अनावरण करेंगी।

चार दिसंबर को वह पुरी में जगन्नाथ मंदिर में दर्शन के लिए जाएंगी और गोपबंधु आयुर्वेद कॉलेज के 75वें वर्षगांठ समारोह में भाग लेंगी।राष्ट्रपति चार दिसंबर को पुरी ब्लू फ्लैग समुद्र तट पर भारतीय नौसेना द्वारा किए गए नौसैनिक शक्ति प्रदर्शन का भी अवलोकन करेंगी। पांच दिसंबर को राष्ट्रपति भुवनेश्वर में ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 40वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी और उसी दिन न्यायिक अदालत के नये परिसर का उद्घाटन भी करेंगी। छह दिसंबर को वह डॉ. बी.आर. आंबेडकर की पुण्यतिथि पर भुवनेश्वर के ए.जी.चौक में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी और फिर पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा हवाई अड्डे से मयूरभंज के लिए रवाना होंगी। मयूरभंज पहुंचने पर मुर्मू उपरबेड़ा सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रों और शिक्षकों के साथ चर्चा करेंगी, अपने पूर्व निवास पर ग्रामीणों के साथ बातचीत करेंगी और रायरंगपुर में उप-मंडल अस्पताल के लिए एसएलएस ट्रस्ट बोर्ड द्वारा दान किए गए वाहन को हरी झंडी दिखाएंगी। मुर्मू स्थानीय महिला कॉलेज का भी दौरा करेंगी और पुण्येश्वर महादेव मंदिर में पूजा एवं आरती करेंगी।

राष्ट्रपति सात दिसंबर को बंगरीपोशी जाएंगी और वहां रायरंगपुर जनजातीय अनुसंधान केंद्र के अलावा उप-मंडल अस्पताल सहित कई रेलवे परियोजनाओं और विकास पहलों की आधारशिला रखेंगी। अपने सभी कार्यक्रम पूरे करने के बाद वह कलाईकुंडा हवाई अड्डे से नयी दिल्ली लौट आएंगी।

# भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल

### > सीएम योगी ने दोहराया 'बटेंगे तो कटेंगे' का नारा



नई दिल्ली. यूपी उपचुनाव में मिली जीत के बाद भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। सीएम योगी आदित्यनाथ कुछ देर में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इससे पहले भाजपा कार्यालय में पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सीएम का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी-एनडीए की जीत पर मतदाताओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी। एक बार फिर बटेंगे तो कटेंगे का नारा दोहराया। इससे पहले सीएम योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट किया। लिखा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा उपचुनावों में भाजपा-एनडीए की विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन पर जनता-जनार्दन के अटूट विश्वास की मुहर है। ये जीत डबल इंजन सरकार की सुरक्षा-सुशासन एवं जन-कल्याणकारी नीतियों तथा समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का सफल है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि उत्तर प्रदेश के सुशासन और विकास को अपना मत देने वाले उत्तर प्रदेश के सम्मानित मतदाताओं का आभार। सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई। उन्होंने एक बार फिर सचेत किया कि बटेंगे तो कटेंगे। एक रहेंगे-सेफ रहेंगे।

## नेपाल जाएंगे टेस्ला के सीईओ एलन मस्क

**काठमांडू.** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को नेपाल आने का निमंत्रण दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने इस बात की जानकारी दी है। पीएम ओली ने अपने पोस्ट में लिखा कि थोड़ी देर पहले एलन मस्क के साथ मेरी बातचीत हुई। इस दौरान मैंने उन्हें नेपाल आने का न्योता दिया है। बता दें कि बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव ढांचे को लेकर नेपाल के सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर बढ़ते तनाव के बीच यह घोषणा की गई। इससे पहले शुक्रवार को ओली ने 2 दिसंबर को होने वाली चीन यात्रा की घोषणा की, जिसके दौरान उनका इरादा बीआरआई ढांचे के तहत लोन-आधारित परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का है।नेपाल की राजधानी काठमांडू में अपनी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल- यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) द्वारा आयोजित एक सामूहिक सभा में बोलते हुए ओली ने देश के मौजूदा आर्थिक चुनौतियों के बावजूद चीनी वित्त पोषित परियोजनाओं के संभावित लाभों का जिक्र किया।

# चीन के हाथ लगा कुबेर का खजाना



**बीजिंग.** चीन के हुनान प्रांत में सोने के एक बड़े भंडार की खोज की गई है। इस खोज का वैश्विक सोने के उत्पादन और बाजारों पर बड़ा प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि भूवैज्ञानिकों ने चीन के हुनान प्रांत के पिंगजियांग काउंटी के वांगू इलाके में सोने का एक बड़ा भंडार खोजा है। जमीन से करीब 2,000 मीटर से भी अधिक गहराई पर ये खोज की गई। खोज के दौरान 40 से अधिक सोने की सुरंगें सामने आई हैं। शुरुआती खोज में मिला सोना करीब 300.2 टन इतना होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस क्षेत्र में सोने की उच्चतम मात्रा 138 ग्राम प्रति टन तक है। बताया जा रहा है कि यह सोने का भंडार 3,000 मीटर तक गहरा हो सकता है। जानिए इस खोज का वैश्विक सोने के उत्पादन पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

चीन दुनिया का सबसे बड़ा सोना उत्पादक है। विश्व स्वर्ण परिषद के अनुसार, 2023 में वैश्विक सोने के उत्पादन में चीन की हिस्सेदारी लगभग 10% थी। अब इस नई खोज से यह संख्या और बढ़ सकती है, जिससे सोने के उत्पादन में चीन का दबदबा और भी मजबूत होगा। वांगु साइट की खोज चीन की उन्नत भूविज्ञान और खनन तकनीकों को दर्शाती है। इतनी गहराई पर सोना ढूंढना न केवल तकनीकी प्रगति को दर्शाता है बल्कि भूवैज्ञानिकों के लिए एक नई चुनौती भी है। इस खोज के बाद अमेरिका, रूस और ऑस्ट्रेलिया जैसे दुनिया के प्रमुख सोना उत्पादक देशों के लिए प्रतिस्पर्धा का माहौल तैयार हो सकता है। चीन का यह कदम उसे भू-आर्थिक शक्ति के रूप में और मजबूत कर सकता है। वांगु साइट की खोज से न केवल चीन के सोने के भंडार में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय आर्थिक गतिविधि को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे खनन, रोजगार और निवेश क्षेत्रों में वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। सोने के खनन से पर्यावरण पर असर पड़ सकता है। चीन को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि खनन प्रक्रिया से पर्यावरण संतुलन न बिगड़े।

# आवास परियोजनाओं की निर्माण लागत में हुई वृद्धि



**नई दिल्ली.**

बड़े शहरों में आवास परियोजनाओं के निर्माण की औसत लागत पिछले 4 सालों में 39 प्रतिशत बढ़कर 2,780 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई है। ये बढ़ोत्तरी निर्माण सामग्री और श्रम की बढ़ती दरों के कारण हुई है। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कोलियर्स इंडिया के मुताबिक प्रीमियम आवास परियोजनाओं के लिए औसत निर्माण लागत अक्टूबर 2020 में 2,000 रुपये प्रति वर्ग फुट थी। तो कोलियर्स इंडिया ने कहा है कि ये 15 मंजिलों वाली ग्रेड A आवासीय इमारत के लिए औसत लागत हैं।

खबरों के मुताबिक ये आंकड़ा महानगरों शहरों से जुड़ी है। पिछले 1 साल में आवासीय परियोजनाओं के निर्माण की औसत लागत में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। क्योंकि श्रम लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और रेत, ईंट, कांच, लकड़ी आदि जैसी कई निर्माण सामग्री की कीमतों में मामूली वृद्धि हुई है। बता दें कि सीमेंट, स्टील, तांबा और एल्युमीनियम समेत चार प्रमुख निर्माण सामग्रियों की कीमतों में वृद्धि का कुल प्रभाव कम रहा है।

हलांकि पिछले 12 महीनों में सीमेंट की कुल कीमतों में 15 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई है।

जबकि स्टील की औसत कीमतों में एक प्रतिशत की कमी देखी गई है। इसके साथ ही पिछले 1 साल में श्रम लागत में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद भारत में अलग



**नई दिल्ली.**

सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को संविधान के 42वें संशोधन की वैधता पर सुनवाई हुई. यह सुनवाई वरिष्ठ वकील सुब्रमण्यम स्वामी, विष्णु शंकर जैन और अन्य के याचिकाओं पर हुई. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि इस पर पहले भी न्यायिक समीक्षा की जा चुकी है. कोर्ट ने इस मामले पर फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि वह 25 नवंबर को निर्णय सुनाएगा. सुनवाई के दौरान तीनों याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट में अपनी दलील पेश की और आपातकाल में संशोधन करने की वैधता पर सवाल उठाए. इस पर कोर्ट ने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता है कि आपातकाल के दौरान संसद के पास संशोधन की शक्ति नहीं थी या उसके द्वारा किए गए कार्य निरर्थक थे

आपातकाल के दौरान 1976 में इंदिरा गांधी सरकार ने 42वें संशोधन के तहत प्रस्तावना में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द जोड़े थे. इस संशोधन ने प्रस्तावना में संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य को संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य में बदल दिया था. ये शब्द संविधान के मूल स्वरूप में नहीं थे, इसलिए इन्हें हटाने की मांग समय-समय पर उठती रही है.

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि समाजवाद शब्द का अर्थ दुनिया में अलग-अलग स्थानों पर भिन्न हो सकता है, लेकिन भारत में इसका मतलब कल्याणकारी राज्य है. इस शब्द के कारण देश में निजी क्षेत्र के विकास में कोई बाधा नहीं आती. कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता शब्द के बारे में भी यही कहा कि भारत में इसका अर्थ अन्य देशों से अलग है. कोर्ट ने 1994 के एस आर बोम्मई मामले का हवाला देते हुए कहा कि इसे संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा माना गया था.

और इसका स्पष्टकरण भी किया गया था. सुनवाई के दौरान तीनों याचिकाकर्ताओं ने अपनी दलीलें पेश की विष्णु शंकर जैन ने कहा कि ये शब्द आपातकाल के दौरान लोगों की राय सुने बिना प्रस्तावना में जोड़े गए थे. साथ ही, चूंकि ये संविधान में कट-ऑफ तिथि 26 नवंबर, 1949 के बाद जोड़े गए हैं, इसलिए इनकी कोई वैधता नहीं बनती. उन्होंने इस मामले को बड़ी पीठ के पास भेजने का अनुरोध किया, जिसे कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया. सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि इस मुद्दे पर सिर्फ यही सवाल उठता है कि क्या हम इसे एक अलग पैराग्राफ के रूप में मानेंगे, क्योंकि हम यह नहीं कह सकते कि 1949 में इन शब्दों को अपनाया गया था. उन्होंने कहा कि इसे स्वीकार करने के बाद, हम मूल पैराग्राफ के नीचे एक अलग पैराग्राफ रख सकते हैं. वहीं अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि वह समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता की अवधारणाओं के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उनका विरोध इन शब्दों के प्रस्तावना में समावेश से है. उन्होंने कहा कि चूंकि यह संशोधन राज्य द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया था, इसलिए इन्हें प्रस्तावना से हटा देना चाहिए.

# 'बंगाल की राजनीति के लिए कैंसर हैं हिंसा और भ्रष्टाचार'

### > मुर्शिदाबाद की घटना पर राज्यपाल ने जताया गुस्सा



**नई दिल्ली.**

पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में कार्तिक पूजा के दौरान एक डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड पर आपत्तिजनक संदेश दिखाई देने के बाद दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस मामले में पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने प्रतिक्रिया दी। पत्रकारों से इस घटना पर बात करते हुए उन्होंने इसे संवेदनशील बताया और कहा कि वे स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। राज्यपाल ने कहा कि अगर इलाके में उनकी जरूरत पड़ी तो वे वहां का दौरा भी करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने हिंसा और भ्रष्टाचार को राज्य की राजनीति के लिए कैंसर बताया।

मुर्शिदाबाद हिंसा पर बात करते हुए राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा, "यह मुद्दा बहुत संवेदनशील है। मैं स्थिति पर नजर रख रहा हूं। पुलिस और खुफिया एजेंसियों के जरिए मुझे जानकारी मिल रही है। मैं स्वयं आकलन कर रहा हूं। अगर मेरी वहां जरूरत है तो मैं वहां का दौरा करूंगा। इस तरह की घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए। राज्यपाल ने आगे कहा, "बंगाल एक महान भूमि है। बंगाल के लोग बहुत संस्कारी है, लेकिन राजनीति खराब है। जैसा कि कहा जाता है, राजनीति इस देश में आखिरी चारा है। अब मुझे इसका मतलब समझ आ रहा है, लेकिन इसे बदलना होगा। बंगाल के लोग इस तरह की चीजों को राजनीति में नहीं रहने देंगे। हिंसा और भ्रष्टाचार बंगाल की राजनीति के लिए कैंसर है। इन दो चीजों को अब राजनीतिक कार्रवाई के द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है। मैं किसी विशेष राजनीतिक दल को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहरा रहा हूं। यह हमारे सामने एक सच है कि हिंसा और भष्टाचार बढ़ रहा है।बेलडांगा में कार्तिक पूजा पांडाल के पास बने अस्थायी गेट पर एक डिजिटल बोर्ड पर कथित तौर पर कुछ आपत्तिजनक संदेश दिखाई देने के बाद एक गुट ने विरोध जताया। इसके बाद दूसरे गुट के लोग भी वहां इकट्ठा हो गए और दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी शुरू हो गई। झड़प में कुछ लोग मामूली रूप से घायल हुए। कई दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की गई और बम फेंके गए। पुलिस की गाड़ी पर भी हमला हुआ, जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

## न्यायाधीश भी मनुष्य हैं

### > हाईकोर्ट की आलोचना के खिलाफ याचिका स्वीकार

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायाधीश भी मनुष्य हैं और उनसे भी गलतियां हो सकती हैं। इसलिए न्यायाधीशों की व्यक्तिगत आलोचना या निर्णयों में न्यायाधीशों के आचरण पर टिप्पणी करने से बचना चाहिए। जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्ला और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सोनू अग्निहोत्री की अपील स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की।

# अमेरिकी दूतावास के बाहर जोरदार धमाका



**लंदन.** इंग्लैंड से चौकाने दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है। लंदन स्थित अमेरिकी दूतावास के बाहर जोरदार धमाके की सूचना मिली है। धमाके के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। ब्लास्ट की पुष्टि मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने की है। पुलिस का कहना है कि मध्य लंदन में अमेरिकी दूतावास के पास एक जोरदार धमाके की आवाज सुनी गई है।लंदन के गैटविक एयरपोर्ट पर सुरक्षा संबंधित कारणों से एहतियात के तौर पर टर्मिनल के एक बड़े हिस्से को खाली करा दिया गया है। गैटविक ब्रिटेन का दूसरा सबसे व्यस्ततम एयरपोर्ट है। एयरपोर्ट ने जानकारी देते हुए कहा कि घटना की जांच के दौरान उसके साउथ टर्मिनल के एक हिस्से को खाली करा लिया गया है। साथ ही यात्रियों को बिल्डिंग में प्रवेश करने से रोका जा रहा है। एयरपोर्ट की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि एहतियात के तौर पर साउथ टर्मिनल के एक बड़े हिस्से को खाली करा दिया गया है। वहीं घटना की जांच सुरक्षा कर्मियों द्वारा की जा रही है।